Every leader of a political party, whichever might be one's affiliation, or every worker of a political party whatever the party might be, is responsible for seeing that such things do not happen in his region, in his area, in his surroundings, in his State, in his country. So, I again request you to keep the matter as it is. You can bring whatever issues you like to bring at the time when we discuss this matter.

Now, I start the Short Duration Discussion. Shrimati Sarala Maheshwari to speak.

SHORT DURATION DISCUSSION

Serious situation in Assam in view of recent ethnic clashes and massacre of refugees in Barpetta district.

श्रीमती सरला माहेश्वरी (पश्चिमी बंगाल) : माननीया उपसभापति महोदया, आज बारपेटा की खास घटना के संदर्भ में असम की गंभीर समस्या पर चर्चा करने के लिए मैं खड़ी हुई हूं। उपसभापति महोदया, बारपेटा तथा असम में ब्रह्मपुत्र के उत्तरी किनारे पर बसा हुआ क्षेत्र पिछले कई वर्षों से जनसंहारों की आग में जलता रहा है। ये तमाम घटनाएं, जनसंहार की ये तमाम त्रासदियां अपने आप में कोई अलग-थलग घटनाएं नहीं हैं। इन तमाम घटनाओं का बहुत गहरा संबंध इस पूरे क्षेत्र के जातीय स्वरूप तथा सामाजिक, आर्थिक विकास के साथ जुड़ा हुआ है। उपसभापति महोदया, जहां तक इस बारपेटा के निर्मम नृशंस नरसंहार का सवाल है, इस घटना की जितनी निंदा की जाए शायद शब्द कम पड़ेंगे उपसभापति महोदया, असम जातीय संघर्ष की आग में पिछले डेढ़ दशक से जल रहा है। पिछले वर्ष ही कोकराझार में भयानक नरसंहार हुआ था जिसकी याद आज भी हमारे दिलो-दिमाग में ताजा है। लेकिन फिर भी इस विशेष बारपेटा की घटना के संदर्भ में जो नई बात हुई है वह यह है कि ऐसा पहली बार हुआ है कि जब किसी सरकारी शरणार्थ शिविर में उग्रवादियों ने इस तरह का बर्बर हमला किया हो और इस बर्बर हमले में मासूम बच्चों सहित 75 लोगों की जानें चली गईं, सैंकड़ों लोग घायल हो गए। महोदया, यह घटना इस बात का प्रमाण है कि असम की राज्य सरकार इस तमाम क्षेत्र में जो वारदातें होती रही हैं या हो रही हैं उनके प्रति कितनी संवेदनशून्य हो चुकी है। खास कर पिछले दो महीनों से यह पूरा क्षेत्र जल रहा है। पिछली 28 मई को ही काकराझार जिले में एक ही संप्रदाय के दो सौ घरों को फूंक दिया गया जिसमें 25 लोग मारे गए थे। उस समय भी हजारों लोग अपने घरबार से उजड़कर शरणार्थी शिविरों में रहने को मजबूर हुए थे। पिछले एक हफ्ते से तो पूरा बारपेटा शहर जल रहा था। 19 जुलाई से वारदातें होनी शुरू हो गई थीं और 21 जुलाई को वहां अनिश्चितकाल के लिए कर्फ्यू लगा दिया गया, देखते ही गोली मारने के आदेश दे दिए गए। यानी स्थिति की गंभीरता के सारे के सारे संकेत मौजूद थे 20 जुलाई को बारपेटा के 15 गांवों को फूंक दिया गया जिसके कारण बाध्य होकर हजारों लोग बारपेटा रोड शहर के शरणार्थी शिविर में आने को मजबूर हुए। सिर्फ इतना ही नहीं 23 जुलाई के इस कांड के पहले ही मंत्री महोदय जानते होंगे कि इस बात के तमाम सबूत मिल चुके थे, तमाम संकेत मिल चुके थे कि शरणार्थी शिविरों पर हमला हो सकता है। बारपेटा रोड पर बनाए गए इस शरणार्थी शिविर का दौरा करने के बाद हमारी पार्टी की असम राज्य इकाई ने सरकार को यह कहा

था कि यह जो सरकारी शरणार्थी शिविर हैं ये सुरक्षित नहीं हैं, इनकी सुरक्षा की पूरी व्यवस्था की जानी चाहिए लेकिन इन तमाम प्रमाणों तमाम सबूतों, तमाम संकेतों के मिलने के बावजूद सुरक्षा की कोई व्यवस्था नहीं की गई और यह निर्मम हादसा हो जाने दिया गया। महोदया, 28 मई को काकराझार की घटना जिसके बारे में मैंने कहा है, एक ही संप्रदाय के दो सौ घरों को फूंक दिया गया था, 25 लोगों को जिंदा जला दिया गया था। उस घटना पर टिप्पणी करते हुए वहां के मुख्यमंत्री की क्या प्रतिक्रिया थी? वहां के मुख्यमंत्री ने कहा—"यह घटना गैर-आदिवासियों द्वारा आदिवासियों की जमीन को लूटने का एक पुराना मामला है और उसी की प्रतिक्रिया में यह घटना हुई"।

महोदया, कहने का मतलब यह है कि यह जो जातीय दंगे हो रहे हैं, इन जातीय दंगों के प्रति असम की सरकार का रवैया कितना उदासीन, कितना संवेदनशून्य है। मैं यह कहना चाहूंगी कि पिछले डेढ़ वर्षों में इन जन-संहारों के बावजूद अभी तक सरकार की ओर से किसी के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की गई। आज स्थिति यह है कि 50,000 से ज्यादा लोग अपने घर-बार छोड़ कर खौफ और आतंक के वातावरण में जीने को मजबूर हैं। आज उस पूरे क्षेत्र की स्थिति यह है, मुझे यह कहना है, कि वहां लोग नहीं रह रहे, वहां स्थिति यह है—"खेमा डाले खौफ खड़ा है, चारों जानिब से उजड़ते शहर में"। आज यह स्थिति बना दी है आपने, कि सिर्फ वहां खौफ जिंदा है, आतंक जिंदा है, लोग जिंदा नहीं हैं। इस स्थिति के लिए कौन जिम्मेदार है, आपकी केन्द्रीय सरकार या असम की राज्य सरकार?

महोदया, मैं यह कहना चाहूंगी कि यह एक गंभीर समस्या है, जिस पर हम चर्चा कर रहे हैं। क्या हम इस क्षेत्र को नहीं जानते? यह भारत का पूर्वोत्तर क्षेत्र, यह सीमायी प्रदेश, वास्तव में जनजातियों का क्षेत्र है। असम सहित इस पूरे क्षेत्र की आबादी का बीस प्रतिशत हिस्सा जनजातियों का है। चीन के दक्षिणी इलाकों, दक्षिण एशिया तथा आसपास के तमाम क्षेत्रों से प्रागैतिहासिक काल से लेकर इन जनजातियों का आवागमन होता रहा है और यह आवागमन अठाहरवीं सदी तक जारी रहा। आज हम जिस बोडो क्षेत्र की बात कर रहे है, इस क्षेत्र में बोडो जाति आकर बसने वाली सबसे पुरानी जाति है। यह संख्या की दृष्टि से भी सबसे ज्यादा है। महाभारत और पुराणों में भी जिस जाति की चर्चा की जाती है किरात के रूप में, वह यही जाति है। हमारे प्राचीन साहित्य और लोकगाथाओं को देखने से पता चलता है कि किरातों ने हमारी भाषा और संस्कृति को किस तरह प्रभावित किया है।

महोदया, इतिहास के इस वर्तमान मुकाम पर यह तमाम जनजातियां एक भयावह संक्रमण के दौर से गुजर रही हैं। हजारों वर्षों की अपनी निद्रा से जागकर आज वह भारत वर्ष में अपनी अस्मिता की तलाश कर रही है। हमारे संविधान के ढांचे में उनको सामाजिक न्याय मिल सके, उनकी अस्मिता की रक्षा हो सके, उनकी भाषा और संस्कृति की रक्षा हो सके, इसके लिए यह संघर्ष कर रही है। खासतौर पर आजादी के बाद इन तमाम दशकों में संचार व्यवस्था के विकास तथा आधुनिक शिक्षा के जरिए इन जनजातियों का एक ओर जहां अलग-थलगपन हुआ है, वहीं इन जातियों के बीच राष्ट्रीय प्रगति की चेतना भी विकसित हुई है। पूंजीवादी विकास की धारा ने एक तरफ जहां इनका अलगाव दूर किया है, जहां इनको जोड़ा है वहीं इसी पूंजीवादी व्यवस्था ने इनको अंदर से तोड़ा भी है। इनके बीच पैदा हुई नई चेतना अपनी अभिव्यक्ति के नए रास्तों को तलाश रही है और यही कारण है कि आज जहां संभव हो रहा है वह जनसंख्या की दृष्टि से भौगोलिक दृष्टि से क्षेत्रीय स्वायतता की मांग कर रहे हैं।

महोदया, मैं यह कहना चाहूंगी कि हमारे पूंजीवादी, सामंती शासकों का

[श्रीमती सरला माहेश्वरी]

रवैया इन जनजातियों के प्रति कभी भी सहानुभूति का नहीं रहा क्योंकि यह जनजाति के लोग ही वह गरीब, शोषित, पीड़ित लोग थे, जो जंगलों में, खदानों में, वनों में सबसे सस्ते श्रम के स्रोत हुआ करते थे। इन जनजातियों के लोगों को दोहरे शोषण का सामना करना पड़ता था, एक तरफ वर्गीय शोषण का और दूसरी तरफ जातीय भेदभाव का। इसीलिए इस लंबे अरसे से चले आ रहे शोषण के विरुद्ध इनमें तीव्र आक्रोश की भावनाएं जन्म लेने लगीं।

महोदया, इतिहास के पन्नों को कुछ पलटा जाए तो हम देखेंगे कि हमारे देश में ब्रिटिश शासकों ने ईसाई मिशनरियों के जरिए इन जनजातियों को देश की बाकी जनता से काटकर रखने की नीति बनाई थी। अंग्रेजों ने ही वन संपदा पर इन जनजातियों के प्राकृतिक अधिकार को छीन लिया था और उन्हें अपनी जमीनों से बेदखल कर दिया। आर्थिक तौर पर तबाह कर दिए गए जनजातियों के इन्हीं लोगों को ब्रिटिश काल में सब जगह सबसे कम मजदूरी पर खदानों में और बागानों में काम करने दिया गया।

आजादी के बाद कांग्रेस सरकार का रवैया हालांकि कुछ मानवीय जरूर रहा। भारतीय संविधान की पांचवीं और छठी अनुसूची के संघीय ढांचे के अंतर्गत आदिवासियों को अपनी पहचान को सुरक्षित रखने तथा जनतांत्रिक तरीके से उन्हें आबादी के अन्य हिस्सों के साथ जोड़ने की कोशिश की गई। डा. वेरियम ऐल्विन की तरह आदिवासियों के सच्चे हमदर्द को लेकर पंडित नेहरू की सरकार ने आदिवासियों के उत्थान की जो योजना घोषित की, उसका सार यह था कि जनजातियों को अपनी खुद की प्रतिभा के साथ विकसित होने का अवसर दिया जाना चाहिए। उनकी संस्कृति और उनके जीवन के परंपरागत रूपों की रक्षा की जानी चाहिए। जमीन और जंगलातों पर उनके पारंपरिक अधिकारों की रक्षा की जानी चाहिए। आदिवासी इलाकों में प्रशासनिक और विकासमूलक कार्यों के लिए आदिवासी समाज के कार्यकर्ताओं को तैयार किया जाना चाहिए उन पर जटिल नौकरशाही का बोझ नहीं डाला जाना चाहिए।

उपसभापति महोदया, डा. ऐल्विन और पंडित नेहरू के जो सपने थे और आदिवासियों के प्रति डा. ऐल्विन की जो धारणा थी कि आदिवासियों का न्याय बोध, उनका व्यक्तिगत शौर्य और उनका जो स्वर्ग था, उस स्वर्ग को तोड़ा न जाए। यह डा. ऐल्विन की अटूट धारणा थी लेकिन न तो डा. ऐल्विन और न ही पंडित नेहरू के सपने साकार हो सके। पूंजीवादी निर्मम व्यवस्था ने उन तमाम कल्पनाओं पर आधारित सपनों को चकनाचूर कर दिया और एक ठोस वास्तविकता, जो निर्मम ठोस वास्तविकता थी, उनसे उनका सामना पड़ा।

महोदया, मैं यह कहना चाहूंगी कि आज आदिवासियों के बीच जो अशांति हम देख रहे हैं, जो बेचनी हम देख रहे हैं, यह सब उसी का परिणाम है। मैं यह कहना चाहूंगी कि बारपेटा की इस घटना के सिलसिले में इतिहास के इन चंद पृष्ठों का जिक्र करना मैंने इसलिए जरूरी समझा क्योंकि मैं समझती हूं कि इतिहास के उस दौर को समझे बिना हम शायद भविष्य को संवार नहीं दे पाएंगे।

महोदया, असम में एक लंबी लड़ाई के बाद आदिवासियों के लिए स्वायत्त परिषद की मांग को स्वीकार किया गया। शुरू में जब ट्राईबल काउंसिल ऑफ असम ने स्वायत्तता की मांग को उठाया था तब कांग्रेस सरकार ने इसे विखराव की मांग कहकर ठुकरा दिया था। बोड़ो भाषा को मान्यता देने की मांग भी स्वीकार नहीं की गई। लंबे आंदोलन के बाद इस मांग को स्वीकार गया है। असम में जनता पार्टी की पहली सरकार काल में पी.टी.सी.ए. के एक नेता को मंत्री भी बनाया जैसा कि हम देखते हैं संसदीय राजनीति

में आम तौर पर जो होता है, आदिवासियों का वह नेतृत्व भी अन्य बुर्जुआ पार्टियों की तरह भ्रष्ट हो गया और आदिवासियों के इसी भ्रष्ट नेतृत्व के कारण "आबसू" का जन्म हुआ, आल बोड़ो स्टूडेंट्स यूनियन का जन्म हुआ जिसने ब्रह्मपुत्र के उत्तरी किनारे पर एक अलग राज्य के लिए आंदोलन शुरू किया। उन दिनों इस क्षेत्र में यही नारा गूंज रहा था—"बोड़ो लैंड नहीं तो शांति नहीं"।

असम की सरकार ने इस आंदोलन के विरुद्ध चरम दमनकारी रवैया अख्तियार किया क्योंकि असम गण परिषद की जो विचारधारा थी वह अन्धराष्ट्रवादी विचारधारा थी। वे जबरदस्ती असमिया राष्ट्रीयता के अंदर ही आदिवासियों के विलय की मांग को मान्यता दे रहे थे। इसलिए मैं यह कहना चाहूंगी कि असम के आदिवासियों और गैर-आदिवासियों के बीच अविश्वास की जो खाई हमारे शासक वर्गों ने चौड़ी की, उस खाई के चलते परिणाम यह हुआ कि स्थिति लगातार बिगड़ती गई। हालांकि इस बिगड़ती हुई स्थिति को देखते हुए बहुत बड़े जातीय दंगों को सिर्फ इस कारण रोका जा सका क्योंकि वहां की तमाम राजनीतिक पार्टियों ने यह विश्वास दिलाने की कोशिश की कि आदिवासी क्षेत्रों को स्वायत्तता प्रदान की जाएगी और आदिवासियों की मांग को माना जाएगा। इसीलिए बहुत बड़े जातीय दंगे उस समय भड़क नहीं सके।

महोदया, इसके बाद वी.पी. सिंह की सरकार ने आदिवासी क्षेत्रों की स्वायत्तता का अध्ययन करने का आश्वासन दिया। चंद्रशेखर सरकार के काल में इसके बारे में तथ्यों को बटोरने के लिए एक दल को भेजा गया। इस पूरी प्रक्रिया में असम के सभी आदिवासी समूहों के बीच अपने अधिकारों की चेतना बढ़ने लगी। इसमें कोई संदेह नहीं कि आदिवासी समुदाय के लोगों के लिए समानता और समान अधिकार, राष्ट्रीय और जातीय भेदभाव की समाप्ति, स्वायत्तता, भूमि-सुधार और आरक्षण के आधार पर आर्थिक विकास की मांगें आदिवासियों के आंदोलनों की बिल्कुल सही और जनतांत्रिक मांगें हैं। हमें इन मांगों का तहेदिल से स्वागत करना चाहिए, क्योंकि तभी यह आदिवासी आंदोलन वास्तविक रूप से मुख्य जनतांत्रिक धारा से जुड़ पाएंगे। लेकिन इसके साथ ही यह भी सच है कि इन आदिवासी आंदोलनों में कुछ ऐसे जनतंत्र विरोधी तत्व उभर आए हैं। जिनका पुनरुत्थानवादी रुझान है। यह तमाम रुझान आदिवासी आंदोलन को जनतांत्रिक धारा से काटकर रखने की भूमिका ही अदा कर रहा है। महोदया, मुझे कहना पड़ता है कि हमारा शासक वर्ग चा वह असम की सरकार हो, चाहे वह दिल्ली की सरकार हो आदिवासी आंदोलन को विभाजित करने की हर संभव कोशिश कर रही है। माननीय आंतरिक सुरक्षा राज्य मंत्री जी बैठे हुए हैं। उन्होंने खुद अपनी भेंटवार्ता के दौरान इस बात को स्वीकार किया है कि राजनीतिक उद्देश्यों की खातिर, राजनीतिक निहित स्वार्थों की खातिर राजनेताओं ने इस तरह की चीजों को प्रोत्साहित किया है और इसी कारण यह जो बीज उन्होंने बोए थे, उस बीज की अनिवार्य फसल के रूप में आज आसाम की इस समस्या को हम देख रहे हैं। वह आसाम जो कि बहुभाषी, बहुसांस्कृतिक राज्य है जिस राज्य के लोग कभी मिलकर रहा करते थे, आज वह आसाम जातीय विद्वेष की आग में जल रहा है, जातीय दंगों की आग में जल रहा है। इसके लिए जिम्मेदार हमारी सरकार खास कर कांग्रेस सरकार, असम की वहां की कांग्रेस सरकार का यह रवैया रहा है और लगातार पिछले कई दशकों से यह रवैया चलता रहा अपने निहित स्वार्थों की खातिर। आदिवासियों की उभरती हुई नई चेतना के जो संगठन खड़े हो रहे थे, उन आदिवासियों के संगठनों को अपने निहित स्वार्थों के लिए अलग-अलग गुटों में बांटा गया और इन गुटों के चलते वहां जो विभिन्न सम्प्रदाय के लोग थे, उन विभिन्न सम्प्रदायों के बीच में एक दीवार खड़ी करने की कोशिश की गई।

[श्रीमती सरला माहेश्वरी]

उपसभापति महोदया, इतिहास गवाह है कि शासक वर्ग की इस राजनीति में आज असम में एक नारा चल रहा है– "एक और त्रिपुरा नहीं होने देंगे।" किस तरह त्रिपुरा में कांग्रेस ने टी–एन. बी., टी.यू.जे.एस. का इस्तेमाल किया। वर्षों के प्रयास से वामपंथी दलों ने वहां पर जातीय एकता की जो एक भूमि तैयार की थी, उसको तोड़ने की कोशिश की। खुद हमारे पश्चिमी बंगाल में ऐसा किया, लेकिन सफल नहीं हुए। परन्तु यह साजिशें चलती रही अपने सुद्ध निहित स्वार्थों की खातिर! महोदय मैं यह कहना चाहूंगी कि आज यह जो बोडो सिक्योरिटी फोस का दबदबा वहां चल रहा है और इस संगठन के जरिए जिस उग्र वादी, पुनरुत्थानवादी रुझान को बल दियाजा रहा है, उसके पीछे अगर कोई जिम्मेदार है तो आसाम की सैकिया सरकार जिम्मेदारहै। जिस तरह वहां केमु ख्य मंत्री और केन्द्र में बैठे हुए हमारे गृह मंत्री भी इस बात को अच्छी तरह जानते हैं कि मुख्य मंत्री एक ग्रुप को दूसरे ग्रुप के विरुद्ध भड़का रहे हैं। सत्ता की बंदर बांट कर रहे हैं। हो क्या रहा है इसके चलते? वह जो वहां का मौडरेट ग्रुप है, जो चाहता है कि भारतीय संविधान के अंदर रहते हुए हम अपनी स्वायत्तता के अधिकार को हासिल करें। आज हो क्या रहा है कि इन्होंने अपने निहित स्वार्थों के चलते उस मौडरेट ग्रुप को अलग-थलग कर दिया है। उस मौडरेट ग्रुप के प्रति जनता के बीच में विश्वास नहीं रहा और खुद केन्द्र के गृह मंत्रियों में, कहा तो यही जा रहा है कि उनके बीच में समन्वय नहीं है। अब असलियत क्या है यह तो मंत्री जी बताएंगे। लेकिन हकीकत यह है कि कहीं भी समन्वय नहीं है। न तो केन्द्रीय गृह मंत्रियों में समन्वय है और असम के जो मुख्य मंत्री हैं और वहां की जो सत्तारूढ़ सरकार है, उस सत्तारूढ़ सरकार की तरफ से भिन्न-भिन्न गुटों को समर्थन दिया जा रहा है। इसीलिए आज वहां हालत काबू से बाहर होती जा रही है। उप-सभापति महोदया, मैं यह बताना चाहूंगी कि यह जो बरपेटा की नृशंस और निर्मम घटना घटी, वहां के हमारे सांसद लगातार इस बात की कोशिश कर रहे हैं बार-बार टेलीफोन से सम्पर्क कर रहे हैं, दौड़-दौड़कर सम्पर्क कर रहे हैं, सरकार से सम्पर्क कर रहे हैं, असम की सरकार से सम्पर्क कर रहे हैं, परन्तु कोई मिलने वाला नहीं है। यहां दिल्ली में सम्पर्क कर रहे हैं। बताया गया कि एक गृह मंत्री बीमार हैं और दूसरे मीटिंग में हैं। कोई सम्पर्क नहीं किया गया। घटना 18 तारीख से घटनी शुरू हुई और कोई सिक्योरिटी फोर्स नहीं भेजी गई। आश्चर्य की बात है कि यह सब जानते हुए भी न तो केन्द्र सरकार ने कुछ किया और न राज्य सरकार ने ही कुछ किया। हमारे मंत्री जी वहां की हालत बताएंगे कि वहां तो 22 तारीख को ही मंत्रीगण पहुंचे थे और मुख्य मंत्री भी पहुंचे थे। लेकिन हमें जो खबर है कि वहां पर मंत्रियों का दल जाकर जनता की समस्याओं का समाधान नहीं कर रहा था, वहां सिक्योरिटी फोर्स भेजने की बात नहीं कर रहा था। वहां मंत्री आपस में लड़ रहे थे, झगड़ा कर रहे थे और वहां की जनता का यह कहना था कि मंत्रियों ने आ कर हमारी स्थिति को और बदतर बना दिया है। अब किस पर भरोसा करें? एक शहर जल रहा है, एक पूरा क्षेत्र जल रहा है और आपके मंत्री वहां लड़ रहे हैं, झगड़ा कर रहे हैं। समझ में नहीं आता कि इस तरह की राजनीतिक समझदारी के अभाव में आप असम जैसे प्रदेश में कैसे शांति बनाए रख सकेंगे? भारत की एकता और अखण्डता की रक्षा कर सकेंगे? हम जानते हैं कि असम एक ऐसा क्षेत्र है जहां साम्रयाज्य-वादी ऐजेंसियां लगातार कोशिशें कर रही हैं कि उस को तोड़ा जाए। वहां जो जातीय विभिन्नताएं हैं उन जातीय विभिन्नताओं के आधार पर उन्हें तोड़ने की कोशिशें की जा रही हैं। हमारे बहुत से लोग आज इस बात को उठा रहे हैं, वे भी यही बात कर रहे हैं कि बंगलादेशियों को अनुप्रदेश न दिया जाए। महोदया, मैं इस बात से इंकार नहीं करती कि बंगलादेशियों का अनु प्रवेश हो सकता है लेकिन अगर ह

इस बात को कहें कि वहां बोडो क्षेत्र में सारे के सारे लोग बंगलादेशी हैं और आज हो क्या रहा है कि बंगलादेशी विदेशियों का नाम ले कर सारा का सारा आंदोलन मुसलमानों के विरुद्ध चलाया जा रहा है। बंगलादेशी मतलब मुसलमान। हो क्या रहा है इसके चलते महोदया कि वे लोग, वे सम्प्रदाय जो आपस में शांति के साथ रह रहे थे लेकिन आज बोडो लोगों के बीच में और गैर-बोडो लोगों के बीच में विभाजन खड़ा कर रहे हैं अपने स्वार्थों के चलते और इसके चलते आज जब कि इस जनसंहार की घटना में बोडो लोग भी प्रभावित हुए हैं, गैर-बोडो लोग भी प्रभावित हुए हैं। लेकिन आपने क्या किया? आपकी सरकार ने क्या किया? आपकी सरकार ने उन लोगों को विश्वास में नहीं लिया। हमने तो यह चाहा था और हमेशा यह मांग की थी कि बोडो स्वायत्त परिषद की स्थापना हो। तमाम पार्टियों को आप विश्वास में लीजिए और बोडो व गैर बोडो सम्प्रदायों के लोगों को विश्वास में ले कर बैठिए और बातचीत करिए। गांवों को आधार बनाइए, कंटीग्यूअस जो एरिया है उस को लेकर आधार बना कर आप काम करिए लेकिन आपने ऐसा नहीं किया। असम असेंबली में बोडो विधेयक पारित कर दिया गया और इतना सारा कनफ्यूज़न वहां पर पैदा कर दिया गया, इतने सारे विवाद वहां पर पैदा कर दिए गए। यह काम करने का सही तरीका नहीं है। जहां पहले से ही इतने विवाद मौजूद हों, इतने आपस में मतभेद पैदा हों, आपस में एक-दूसरे के प्रति अविश्वास की भावना हो, वहां पर अगर आप इस तरह काम करेंगे और मुझे अफसोस है कि हमारे यहां कुछ पार्टियां, कुछ साम्प्रदायिक पार्टियां और मुझे अफसोस के साथ कहना पड़ेगा कि सत्तारूढ़ पार्टी, कांग्रेस पार्टी का भी एक बड़ा तबका लगातार बंगलादेश प्रवेशियों की बात पर ही ज़ोर दे रहा है जब कि असम की जो जनगणना है वह यह बताती है कि पूरे भारतवर्ष में जनसंख्या जिस प्रतिशत से बढ़ी है, उस प्रतिशत से असम में नहीं बढ़ी

बल्कि एक प्रतिशत कम है। इन तमाम तथ्यों को नजरअंदाज करते हुए अगर हम एक गलत प्रचार अभियान चलाएंगे तो उसके बहुत भयावह परिणाम होंगे और इसके चलते हम कभी भी इस समस्या को सुलझा नहीं पाएंगे। उपसभापति महोदया, मैं इसलिए कहना चाहूंगी कि आज जरूरत इस बात की है कि इस समस्या की गंभीरता को समझते हुए और बरपेटा में जो यह निर्मम, नृशंस हत्याकांड हुआ है जिसके पीछे यह साफ कहा जा रहा है कि वहां के मुख्यमंत्री का ढुलमुल रवैया वहां के मुख्यमंत्री की अवसरवादिता है और जो नीति ब्रिटिश साम्राज्यवादी चला रहे थे, फूट डालो और राज करो की नीति, वही नीति आज वहां के मुख्यमंत्री अपना रहे हैं और इस फूट डालो, राज करो की नीति के चलते आज हालत इतनी बदतर होती जा रही है। मैं यह कहना चाहूंगी उपसभापति महोदया कि हमारे लिए यह बहुत ही चिंता की बात है, बहुत ही सोच की बात है कि आज अगर इस तरह की नीतियां जारी रहती हैं, इस तरह की फूट डालो, राज करो की नीतियां जारी रहती हैं और आदिवासी लोगों को विश्वास में नहीं लिया जाता तो समस्या हमेशा बिगड़ती ही रहेगी। हुआ क्या था इस बरपेटा की खास घटना के संदर्भ में?

उपसभापति महोदया, मैं यह कहना चाहूंगी कि यह बरपेटा की घटना, जो इतना निर्मम हत्याकांड हुआ, सिर्फ बोडो लोग नहीं मारे गए, गैर-बोडो लोग भी मारे गए लेकिन इसके बावजूद सारा का सारा प्रचार इस तरह चलाया गया। महोदया, घटना की शुरूआत 13 तारीख को हुई थी। मंत्री जी जानते होंगे जब वहां एक बम विस्फोट हुआ और पुलिस के छह लोग मारे गए और उसके बाद में सादी पोशाक में पुलिस वहां गई और आम बोडो लोगों को जिनका कोई मतलब नहीं था, उन को पकड़ा गया। इसका परिणाम यह हुआ कि बोडो लोग मुसलमानों के विरुद्ध और मुसलमान बोडो के विरुद्ध हो गए और उन का आपस

[श्रीमती सरला माहेश्वरी]

में फसाद शुरू हो गया। वहां कई तरह की घटनाएं घटीं। लेकिन सरकार की ओर से कोई कार्यवाही नहीं की गई।...

उपसभापति महोदया, मैं जिस बात को जोर देकर कहना चाहती हूं वह यह है कि बरपेटा की घटना कोई अलग घटना नहीं है। अगर आप चाहते है कि वास्तव में बोडोलैंड की समस्या का समाधान हो, हमारे मंत्री महोदय ने एक प्रयास किया, हम भी उनकी पीठ थपथपा देते, लेकिन इस बरपेटा की घटना ने यह प्रमाणित कर दिया है कि आप सिर्फ बातें करते हैं। असम के मुख्य मंत्री भी सिर्फ बातें करते रहे। बोडो स्वायत्त परिषद की बात करते रहे लेकिन स्वायत्ता के नाम पर कहीं भी कोई चीज नहीं थी। अगर वास्तव में बोडो लोगों को विश्वास में लिया गया होता, उन के लिए वास्तव में पैकेज रखा गया होता तो वास्तव में बात समझ में आती। लेकिन आपने उन को तोड़ने का काम किया। एक ग्रुप को दूसरे ग्रुप से तोड़ने का काम किया और इसके चलते बोडो सैक्युरिटी फोर्स की तरह का एक उग्रवादी संगठन, एक पुनरुथानवादी संगठन इतना शक्तिशाली हो गया।

उपसभापति महोदया, मैं बताना चाहती हूं कि बरपेटा के नृशंस हत्याकांड के लिए केन्द्रीय सरकार भी उतनी ही दोषी है जितनी कि राज्य सरकार दोषी है। तमाम तथ्य को जानते हुए, तमाम संकेतों के मिलने के बावजूद न तो राज्य सरकार ने काम किया और न केन्द्रीय सरकार ने कोई काम किया। इसलिए मैं मांग करती हूं कि असम के मुख्य मंत्री को इतनी बड़ी निर्मम हत्याओं के बाद सत्ता में रहने का कोई अधिकार नहीं है। मैं जानना चाहूंगी गृह मंत्री से कि आप क्या कर रहे थे जब मासूम बच्चे वहां मारे जा रहे थे। वहां पर नृशंस हत्याकांड चल रहा था। आपने रोकने की कोशिश की? ऐसा नहीं हुआ। इसीलिए यह निर्मम हत्याकांड हुआ। मैं मांग करती हूं कि तमाम मासूस लोग, करीब 60 हजार लोग जो अपने घरों से बेदखल हो कर मारे मारे फिर रहे हैं, जो अपने घरों से उजड़े हुए लोग हैं, उन की सुरक्षा की व्यवस्था की जाए। उन के पुनर्वासन की व्यवस्था की जाए। इस जघन्य हत्याकांड में जो लोग प्रभावित हुए हैं उन को पूरी सुरक्षा दी जाए। (**समय की घंटी**)

इस के साथ ही मैं पूरे सदन से और आप से अपील करना चाहती हूं कि इस खूनखराबे और हत्याकांड को बंद तभी किया जा सकता है जब आप निहित स्वार्थों के लिए जनता के बीच में फूट डालने और अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने का काम बंद करेंगे। यह हमारे देश की एकता और अखंडता के लिए जरूरी है कि सारा असम जो कि बहुराष्ट्रीय और बहु-संस्कृति वाला प्रदेश है, उसे एक रखा जाए। अगर उसे एक नहीं रख पाए तो यह भारत के लिए खतरनाक सिद्ध होगा। इसलिए मेरा निवेदन है कि आप अपनी सहृदयता का परिचय दें। फटे हुए दिलों को सीया जा सकता है। अगर हमारे मुख्य मंत्री के पास उजली नजर की सुई हो तो फटे हुए दिलों को सीया जा सकता है बद इरादों से काम करेंगे तो कुछ नहीं होगा और इसी तरह के हादसे दोहराए जाएंगे और असम इसी तरह से जलता रहेगा।

धन्यवाद।

SHRI BHUBANESWAR KALITA (Assam): Madam Deputy Chairman, I rise to express my deep sorrow over the incident and to offer condolences to the families of those who had died in the massacre which has put all of us to shame. The massacre which has happened after the Nellie incident is really a more shocking one because the people were killed in the refugee camps. It is really a matter of concern for all of us. Madam, the issue which has been raised

is a very serious issue. It concerns not only the Bodos and non-Bodos but it attracts the attention of the whole nation. The Bodo Accord was signed on February 20, 1993 after a long-drawn-out agitation by the Bodo people on the north bank of the Brahmaputra. The agitation originated years back. It is not that the Bodo issue was started recently. There was an agitation for the recognition of their language. There was an agitation for the economic uplift of the Bodo people. The Government rightly signed the Accord with the agitationists and gave them the Bodo Autonomous Council to bring all-round development in the Bodo autonomous areas and to the people who are connected with it. But, unfortunately, after the Accord, four major incidents have taken place and they have resulted in this massacre. It is very unfortunate that we have to say that there are mistakes. At one point of time we have to agree that there are mistakes. Three accord have been signed in the North-Eastern part of India in recent years. Out of them, the Mizo Accord, though there is some oppositoin to it, has been functioning successfully. The Assam Accord, though a few points of the Accord are to be implemented fully, has, by and large, been accepted by the people and there is an amount of satisfaction among all sections of the people of Assam. The third accord is the Bodo Accord. The Bodo Accord was signed and with the signing of the Bodo Accord the Bodo Autonomous Council has come up. But there also like the Assam Accord and the Mizo Accord some people remained unhappy with it. Some people did not like the Accord and some people are still opposing the Accord. Why has this Accord been opposed? What is the reasons? The Accord has aroused a lot of hopes and aspirations in the people of that area. They thought that developmental activities would come in a big way and there would be effective economic development and their lot would be improved. But unfortunately, the Bodo Autonomous Council which came into effect could not function effectively because of differences among the Bodo leadership.

Madam, I don't want to defend anybody here. But I must say that the Bodo Autonomous Council which came into effect due to the agitation, due to the accord, doesn't have the teeth to implement the economic development programmes. It is very sad and I am very unhappy to say that finance, which is the main input for the the developmental work, is very, very scarce with the Bodo Autonomous Council. As a result, they could not put the Bodo leaders together. That is why they have suffered. The hopes and aspirations of the Bodo people could not be met. Madam, it is not the only event. We have to study it. We have to analyse it in the broad perspective of the State and of the region as a whole. It is not that peace was not disturbed earlier. It is not that there were no conflicts earlier. There were conflicts. But, those conflicts were sorted out. Madam, as you know, Assam is a multicultural State. It is a society of assimilation, a society of different languages, a society of different cultures. All the people, tribal and non-tribal, of different cultures and different languages live together and work together for the uplift of that region, of that State. The hon. Member of the Opposition cited some historical facts. She said that it was all due to the failure of the policies of the Congress. Madam, the demand for the Bodo Autonomous Council is not new. She mentioned that during the time of the late Pandit Jawaharlal Nehru, who was the architect of modern India, autonomy was offered to them. The Bodo people, the tribal people were told that they could have their autonomous district. But, the nationalist leaders of the State and the Bodo leaders said, "We are Assamese and the whole State belongs to us, not one district." Madam, these were

[Shri Bhuneshwar Kalita]

the sentiments, these were the emotions of the people of Assam at that time. How has it been disturbed?

I would like to mention one fact, i.e. the economic backwardness. The economic backwardness has given rise to all these problems. Madam, I don't know why all the problems are in the north bank of the Brahmaputra and why all the problems are in the lower parts of Assam, be it a foreign national issue, be it a Bodo issue or any other issue. The people living there are economically backward. Madam, do you know for how much you can have daily labourers? You can get daily labourers even for Rs. 5/-. They will work for 12 hours. This kind of economic backwardness we have in the lower parts of Assam. People say that all the problems are in the lower parts of Assam and prosperity is outside Assam. Until and unless, this part of the State, this part of the region, is developed economically, these problems will remain because there is constraint of resources. There are very little resources. The issue is not of any culture or any language today. The issue is one of fight for economic development. Until and unless you improve the economic contions in that part of the country, in part of the State, the issue will remain there, the issue will remain alive.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Kalita, we have to adjourn the House for lunch. Your party has got time. So, you can continue your speech after lunch.

The House is adjourned for one hour for lunch.

The House then adjourned for lunch at thirty one minutes past one of the clock.

The House reassembled after lunch at thirty-two minutes past two o the clock, The Vice-Chairman (Mis Saroj Khaparde) in the Chair.

Short duration discussion—Contd.

Serious situation in Assam in view of recent ethnic clashes and massacre of refugees in Barpeta district - Contd.

THE VICE-CHAIRMAN (MISS SAROJ KHAPARDE): Shri Bhubaneswar Kalita to continue the discussion

SHRI BHUBANESWAR KALITA: Madam, before lunch, in today's discussion, I had raised the matter of economic backwardness as the root cause of the present turmoil in Assam and elsewhere. Particularly, this is the effect, this is the net result, in Barpeta and other areas. Madam, the area which was affected, the area where the massacre has happened the area which has to undergo such a turmoil, is not an ordinary area, is not an area where clashes happened earlier or have been happening all the time. Madam, this is the area, the people of which have fought all the external aggressions. The people of this area lived in communal harmony, lived a emotional unity. It is that communal harmony, it is that emotional unity which combined them together in fighting the Mughals, in fighting the Britishers. Madam, the people of this area saved the entire north-eastern region from going under the external subjugation. Till 1828 the whole of this area was ruled by its own people. It never came under any external subjugation. The people of this area never allowed the external aggressors to go over to the other bank of the Brahmaputra. Madam, what has happened to that harmony, what has happened to that unity? Today, there are conflicts in the minds of the people, there are disturbances in the minds of the people, the root cause of which is the economic backwardness, and it is not anything else.

Madam, as I have mentioned in my pre-lunch speech, if you all remember, in 1947, there were communal

clashes all over the country except in Assam. Madam, this was the unity, this was the harmony in Assam. When the whole of the country experienced communal clashes in 1947, Assam was peaceful. There was not a single communal clash, not even a single Hindu, died, not even a single Muslim died there, And such was the spirt of the area, such was the spirit of the region, such was the spirit of the people of that area which brought glory to the people of that area, glory to this country.

Madam, the hon. Member of the Opposition raised some questions. He has blamed that some of the policies of the Congress Party as the root cause of this tribal backwardness. Madam, I feel sorry about it. It is the Congress which has brought unity and harmony in that part of the country. It has not only brought unity and harmony, but it has also maintained that unity and harmony. And I should not mention what had happened in 1979 and 1987. I do not want to blame any party. This is not the forum, this not the time to blame each other. This is the time to bring peace to that part, this is the time to think about those people, to think about those hapless lot who have given their ot and who have died in the massacre. Madam, giving a political colour to it will be the most unfortunate thing because death and misery to anybody, to any Hindu or any Muslim, to any community cannot be a political issue and cannot be given a political colour because death is a death and miseryy is a misery.

Madam, if you go back to what happened in 1979 and 1987, everything will be clear to the Members, to the august House as to how the situation had erupted, how these problems were created and how these problems were nurtured. And today, you blame the policy of the Congress Party which has really given the economic upliftment, the motto of which is to bring up these tribals and non-tribals and the downtrodden people of this country.

Madam, one important factor in the present situation in the North-East is the crisis of ethnic identity. In the past, the harmony was maintained by an understanding of the broad society, the understanding of the broad society enunciated by the people, by the social workers, by the politicians, which has put all the communities together, all the sections together in that part of the country. But the economic backwardness has given rise to the individual identity, and finally the crisis of ethnic identity has come up. Today, because the resources are scarce, the inputs of development are scarce, there are clashes there are conflicts, and this has to be taken into consideration very seriously by the Govrenment.

But while finding a solution to this crisis, to this turmoil, if we go for a short-cut, it would prove counter-productive. It has to be a long-term solution. There has to be a well-thought-out plan in this regard. If we go for a short-cut, the present turmoil may get aggravated.

There has been a reference here as well in other outside fora to the question of autonomy. But to my mind, autonomy, by itself, cannot solve the problem until and unless we provide teeth to it. We have given autonomy in the case of some areas. But as I said, just by giving autonomy we cannot solve the problem. We have to really give a serious thought to it as to what else should be done to make it more effective.

Madam, today, the situation there has become almost normal. There were no incidents on the 21st and the 22nd. The security forces have taken over. However, there remains the problem of resettlement of the 60,000 refugees who are now sheltered in th various camps. The Government should immediately take steps to enable these people to go back to their places and resume their normal life. The Government should also ensure their full protection in the villages after they go back

[Shri Bhubaneswar Kalite]

Then, the Government cannot remain silent about the extremists who have indulged in this massacre. We know where these extremists are hiding after committing this worst-ever crime. It is known to the Home Ministry, it is known to all of us, that these extremists have taken refuge in neighbouring Bhutan. The Government has to do something in this regard so that these exit points are plugged properlyn. The Government should see that the extremists are not able to run away after commiting such crimes.

I have another suggestion to make to the Government. If the Government has the will—I hope it has—it should review the Bodoland Accord. Of course while reviewing the accord, the Bodo leaders should be taken into confidence. At the same time, the interests of the non-Bodos should also be kept in mind because, as everybody knows, in the B.A.C. areas, the non-Bodos are in larger number than the Bodos. Therefore, the interests of the non-Bodos in these areas should be fully protected. For this purpose, the Government should review the accord and make amendments in it if necessary, after taking into confidence the Bodo leadership.

As I mentioned earlier, the economic backwardness of the lower part of Assam should be gone into very seriouly. Until and unless this aspect is taken care of, the basic problem would remain. We may tide over the situation for the present, but the basic problem would still remain. For that I had suggested undertaking an economic survey of the lower part of Assam, which is the most backward area economically to ensure its uplift.

I want to say one more thing. Some military action is going on there. You know military action is always counter-productive and it creates some other problems. So, it should be for as short a period as possible. And we should give leadership to the peace committees, which are being formed and make them more functional to bring peace to those areas.

We have entered into an accord with the Bodo leadership. There may be some differences among the Bodo leaders; but we should not discredit them. Otherwise, the extremists will take over. The Government should rather give support to the moderate leadership in financial and political terms in order to make them effective. These people are the buffers in the solution of the problem. So, they have to be made effective and financial and it has to be ensured that leadership remains with them. Otherwise, extremists will take over and more such incidents will happen. So, I request the Government to take some concrete, serious steps and it should not appear that it is delaying action; which will give rise to more problems. With these words I conclude.

श्री विष्णु कांत शास्त्री (उत्तर प्रदेश) : महोदय, आपके माध्यम से मैं माननीय सदन का और भारत सरकार का विशेषकर गृह मंत्रालय का ध्यान बरपेटा में घढी हुई दुर्घटना के पीछे के कारणों की ओर आकृष्ट करना चाहता हूं । यह बिल्कुल स्पष्ट है कि बरपेटा में जो कुछ घटा, है वह अत्यंत ग्लानि जनक है । शरणार्थियों के शिविर पर अंधाधुंध गोली चलाकर बच्चों और महिलाओं को मारना ऐसा जघन्य कार्य है जिसके द्वारा केवल सरकारों के ऊपर नहीं, हमारे देश के ऊपर भी कलंक का टीका लग गया है। मैं इस घटना की निंदा करता हूं अपनी तरफ से और अपनी पार्टी की तरफ से । लेकिन यह चाहता हूँ कि ऐसी दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो । इसलिए इसके मूल कारणों की ओर ध्यान दिया जाए । इन दुर्घटनाओं के लिए जिम्मेदार कौन है ? क्या वे आतंकवादी हीं इस कांड के लिए जिम्मेदार हैं जिन्होंने उन शरणार्थियों पर अंधाधुंध गोली चलाकर यह दुष्कांड घटित किया या इसके

पीछे वे लोग भी जिम्मेदार हैं जिन्होंने वर्षों लगातार गलत नीतियों के कारण सारे देश की शांति को, उसकी अखंडता को खतरे में डाल दिया ? क्या यह ऐसी पहली घटना घटी है क्या इसपहले असम में इस प्रकार की दुर्घटनाएं नहीं घटी ? मैं इस सदन का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं कि इसके पहले भी मंदोई में, मेली में और खोकड़ाजार में बिल्कुल इसी प्रकार की घटनाएं घटी थी । क्या उन घटनाओं के कारणों पर विचार किया गया? क्या -उन कारणों के निवारण का कोई प्रयास किया गया और अगर उन कारणों को जानकर भी हमने उन कारणों के उन्मूलन की ओर कोई ठोस कदम नहीं उठाए, उनकी तरफ से आंख मूंदे रहे तो क्या इतिहास हमको क्षमा करेगा ? म आपको याद दिलाना चाहता हूं कि देश के विभाजन की अध्यक्षता करने वाले लार्ड माउंटबैटन के ऊपर भी आज इतिहास अपना कड़ा फतवा दे रहा है। प्रमाणिक तथ्यों के आधार पर इतिहास-कार बता रहे हैं कि लार्डमाटबैटन की जल्दबाजी के कारण उनकी गल्तीयों के कारण लाखों आदमियों की हत्याएं हुई, करोड़ों आदमी घनघोर वेदना से गुजरे और उन्होंने कहा कि लार्ड माउंटबैटन का इम्पीचमेण्ट होना चाहिए था उन पर मुकदमा चलाया जाना चाहिए था उनको सजा दी जानी चाहिए थी। यह बात केवल लार्ड माउंटबैटन के लिए सच नहीं है, यह बात उन तमाम शासकों के लिए सच है, हमारे आज के शासकों के लिए भी सच है जो आंख मूंदकर उन घटनाओं को घटने दे रहे हैं जो हमारे देश के लिए कलंक का स्वरूप है और उनके कारणों की ओर ध्यान नहीं देते हैं । मैं आपका ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं कि जब पहली घटना इस प्रकार की घटी तो उस घटना के घटने के बाद हमारी तत्कालीन प्रधान मंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने वहां कांग्रेस के उच्च नेताओं को भेजा था जिनका नेतृत्व श्री दिनेश सिंह ने किया था कि वे वहां जाएं और इस बात की जांच करें कि मंदोई जिले में इस प्रकार के हत्याकांड क्यों घटे और मैं आपको याद दिलाना चाहता हूं कि उन्होंने यह भी कहा था कि केवल कानून और व्यवस्था की ओर नहीं बल्कि सामाजिक कारणों की ओर, राजनीतिक कारणों की ओर ध्यान दिया जाना चाहिए । वहां से लौटकर श्री दिनेश सिंह जी ने जो रिपोर्ट दी थी, उस रिपोर्ट का मुद्दा, मूल मुद्दा यह था, उन्होंने बताया था कि वहां सीमा पार से अर्थात् बांग्लादेश से आए हुए बड़ पैमाने पर घसपैठिए बसे हैं जिन्होंने जनजातियों की जमीन पर कब्जा कर लिया है और विदेशियों द्वारा कब्जा करने के कारण वे जनजाति के लोग विक्षुब्ध होकर इस प्रकार का काण्ड करने के लिए अग्रसर हुए हैं । मैं जानना चाहता हूँ कि श्री दिनेश सिंह ने जो बात बतायी थी, उस पर क्या अमल किया गया है ? क्या सचमुच जनजातियों की जमीन पर कब्जा करने वाले बांग्लादेशी घुसपैठियों को विताड़ित किया गया ? क्या उनकी जमीन उनको वापिस दिलायी गयी ? क्या उन घुसपैठियों को चिन्हित किया गया ? क्या उनको बांग्लादेश वापिस भेजने के लिए कोई ठोस कदम उठाया गया ? यह बात 1981 की है और 1981 में जो बात नहीं हुई वह आज 1994 में भी नहीं हो रही है, इससे बढ़कर पीड़ा की बात और क्या हो सकती है । मैं आपको याद दिलाना चाहता हूं कि 1992–93 में हमारे गृह मंत्रालय ने असम की स्थिति के बारे में जो प्रतिवेदन दिया है, उस प्रतिवेदन में हमारे गृह मंत्रालय ने कहा है कि पूर्व पाकिस्तान अधुना बांग्लादेश से बड़े पैमाने पर होने वाले जन-संक्रमण के कारण स्थानीय निवासियों को लगता है कि वे देश अल्पसंख्यक होते जा रहे हैं । पूर्वांचल के अर्थनीतिक ढांचे पर भी इस जनसंक्रमण ने गहरा प्रभाव डाला है। इसके द्वारा देशवासियों की एकात्मता को गहरी चोट लगी है, उनके जातीय एवं दलीय संघर्षों की दृष्टि से । यह भारतीय जनता पार्टी की रिपोर्ट नहीं है । यह भारत सरकार के केन्द्रीय गृह मंत्रालयज का 1992–93 का प्रतिवेदन है और मैं आपको यह बताना चाहता हूं कि इस प्रतिवेदन का प्रत्याख्यान करते हुए असम के मुख्य मंत्री श्री हितेश्वर सैकिया ने कहा कि यह बिल्कुल गलत रिपोर्ट है और उन्होंने

[श्री विष्णु कांत शास्त्री]

कहा कि असम में कोई घुसपैठिये नहीं हैं। यह चमत्कारपूर्ण वक्तव्य उन्होंने 18 मई, 1992 को दैनिक पत्र टेनल को दिए हुए अपने साक्षात्कार में दिया। मैं याद दिलाना चाहता हूं सदन को कि यह वही श्री हितेश्वर सैकिया हैं जिन्होंने 30 अप्रैल, 1992 को असम की विधान सभा में कहा कि केवल 1987 से 20 लाख से 30 लाख तक बांग्लादेश के घुसपैठिए असम में आए हैं। यह वही हितेश्वर सैकिया हैं जिन्होंने होमेन बड़-गोहाई के साप्ताहिक पत्र 'नागरिक' में लख लिखते हुए बड़े विस्तार से इस बात को प्रमाणित किया था कि किस प्रकार लगातार बांग्लादेश से घुसपैठिए चले आ रहे हैं और उन्होंने यह बताया था कि वे मैमनसिंह से उम्मेला से ढाका से आ रहे हैं। उन्होंने बताया था कि ये घुसपैठिए नौगांव में, उत्तर लखीमपुर में, ग्वालपाड़ा आदि जिलों में बस रहे हैं। वही हितेश्वर सैकिया जो इस बात का दावा करते थे कि तमाम घुसपैठियों को बाहर निकालना चाहिए, वही हितेश्वर सैकिया 10 अप्रैल, के अपने वक्तव्य को नकारते हुए 18 मई को दूसरे प्रकार का वक्तव्य देते है क्योंकि इस बीच में उन को धमकी दी गई थी कि अगर घुसपैठियों के बारे में इस प्रकार का वक्तव्य देंगे, इस प्रकार की बात करेंगे तो मुख्य मंत्री की उनकी गद्दी सुरक्षित नहीं रहेगी। अपनी गद्दी को बचाने के लिए उन्होंने अपने लिखित लेखों को, अपने वक्तव्यों को और स्वयं गृह मंत्रालय के प्रतिवदन को झुठला दिया। इसी को कहते हैं —

जैसा मौसम हो, मुताबिक उसके मैं दीवाना हूं,

मार्च में बुलबुल हूं मैं, अप्रैल में परवाना हूं।

अगर आपको यह बताने का मौका मिलता है कि ये जो घुसपठिए हैं इन को निकाल देंगे, अगर इस तरह के वक्तव्य से आप को वोट मिलते हैं तो आप कहिए कि 20 लाख घुसपैठिए एक साल में आए। अगर आप की गद्दी सुरक्षित रहती है यह कहकर तो आप कहिए कि असम में एक भी घुसपैठिया नहीं है और हमारी सरकार ने जो प्रतिवेदन दिया है वह असंभव है। मैं माननीय गृह मंत्री जी का धन्यवाद करता हूं कि जिन्होंने अपने असम के दौरे में कहा कि यहां पर बहुत घुसपैठिए आए हुए हैं। जिनके कारण असम की समस्या जटिल हो गई है। मैं जानना चाहता हूं कि क्या गृह मंत्री का घुसपैठियों के बारे में यह वक्तव्य सही है या .... **(व्यवधान)**

मौलाना ओबैदुल्ला खान आज़मी (उत्तर प्रदेश) : यह तय तो हो कि झूठ कौन बोल रहा है ....

†مولانا عبید اللہ خان اعظمی (اتر پردیش) : یہ طے تو ہو کہ جھوٹ کون بول رہا ہے ....

श्री विष्णु कांत शास्त्री : उन्होंने तो पहले कह दिया था कि 30 लाख से ज्यादा घुसपैठिए आ गए हैं। यह चमत्कार कैसे हो गया। यह चमत्कार केवल केन्द्रीय गृह मंत्रालय को दोषी नहीं ठहराया है यह चमत्कार असम के मुख्य मंत्री के चरित्र को भी उजागर करता है जो कुछ देर के बाद अपने वक्तव्य को बदल सकते हैं।

महोदय, मैं बहुत पीड़ा के साथ ये बातें कह रहा हूं। मैं समझता हूं कि असम की समस्या एक राष्ट्रीय समस्या है। इस को दलीय दृष्टि से नहीं देखा जाना चाहिए मैंने आरम्भ में इस दुर्घटना का पूरी निन्दा की। मैं पीड़ा के साथ, पूरी जिम्मेदारी के साथ, पूरी समझ और संकल्प के साथ उस मंतव्य को दोहराना चाहता हूं जिसके कारण इस प्रकार की घटनाओं का घटना असंभव हो जाए। लेकिन मैं बताना चाहता हूं कि हम जब तक इस प्रकार के अंधाधुन्ध चले आने वाले घुसपैठियों को रोकने का प्रभावी कदम नहीं उठाएंगे तब तक इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति होती रहेगी जैसी मंदोई, नेली कोकराझाड़ और बरपेटा

†[ ]Transliteration in Arabic Script.

में हुई । मैं यह भी बताना चाहता हूं कि श्रीमती इंदिरा गांधी के समय 1981 में जो घटनाएँ घटीं थीं उससे अब कई और पेंचबढ गए है। 1981 में आइ०एस०आइ० का इतना बड़ा जाल नही फैला था उस के बाद 1981 से आज 1994 में आइ०एस० आइ० ने न केवल सारे भारत वर्ष में बल्कि विशेष रूप से देश के पूर्वांचल में अपने जाल को बहुत सघनता के साथ फैलाया है । वहां पर उन्होंने इस प्रकार की चेष्टाएं की हैं कि तमाम आतंकवादी बंगला देश से प्रशिक्षित होकर वहां आएं । मैं पूरी जिम्मेदारी के साथ यह कह रहा हूं कि बंगला देश की भूमि पर तमाम पूर्वांचल के उग्रवादियों को प्रशिक्षित किया जाता है । आइ. एस. आइ. उनको न केवल प्रशिक्षण देता है बल्कि उनको हथियार भी देता है, उनको अर्थ भी देता है, उनको पैसा भी देता है और बराबर उनको प्रेरणा देता है कि वे इन क्षेत्रों में आग भड़काते रहें और भारत के टुकड़े-टुकड़े करने की कोशिश करें । मैं आपसे निवेदन करना चाहूंगा कि मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, पश्चिमी बंगाल और बिहार में भी इस प्रकार की साजिशें चल रही हैं । मैं आप को सावधान करना चाहता हूं कि विशेषकर सिलीगुड़ी अंचल में आइ. एस. आइ. ने जो अपना जाल फैलाया है उनकी यह चेष्टा है कि सिलीगुड़ी में इस प्रकार की आग जलाई जा सके जिससे कि पूरा पूर्वांचल भारत भूमि से कट जाए ।

3.00 P.M.

सिलीगड़ी के उस छोटे से अंचल से होकर हमारी तमाम रेलें आती-जाती हैं । यह सिलीगुड़ी अंचल प्रभावित किया जा सके इसकी पूरी चेष्टा आई. एस.आई. वाले कर रहे हैं । यदि वे सफल हुए तो हमारा यह पूर्वांचल हम से, जमीन से कट जायेगा । मैं जानना चाहता हूं हमारा गृह मंत्रालय आईएसआई के इन कुचक्रों के प्रति कितना सावधान है ? वह उनके षडयंत्र को विफल करने के लिये क्या प्रभावी कदम उठाने जा रहा है ? मैं यह भी बताना चाहता हूं कि 1981 में श्री दिनेश सिंह ने यह बताया कि मूलभूत समस्या बांगला देश से आये हुये गैर जनजाति के लोगों के द्वारा जनजातियों की भूमि पर कब्जा करने की है । इससे भी दूसरी बड़ी उलझन पैदा होती है आतंकवाद की । आतंकवाद के संबंध में कुछ मित्र कहते हैं कि यह केवल भ्रांति का सवाल है । अभी हमारे मित्र कालिता जी कह रहे थे क्योंकि वहां आर्थिक विकास नहीं हुआ है इसलिये आर्थिक विकास की आवश्यकता है । मैं यह मानता हूं कि उत्तर पूर्वांचल में जितना आर्थिक विकास होना चाहिये, उतना नहीं हुआ । मैं इसके लिये भी कांग्रेस सरकार को दोषी ठहराता हूं । लेकिन मैं यह भी बताना चाहता हूं कि जो अपने भोलेपन के कारण केवल आर्थिक विकास की अवरुद्ध स्थिति की, आर्थिक दृष्टि से अविकसित स्थिति को आतंकवाद का मूल कारण मानते हैं वह बहुत बड़ी गलतफहमी में है । क्या कारण है पंजाब जो आर्थिक दृष्टि से भारत का सबसे बड़ा आगे बढ़ा हुआ राज्य था उसमें इतना बड़ा आतंकवाद अपना खूनी सिर उठा सका, अपना खूनी पंजा जमा सक है । क्या कारण है कि उड़ीसा जो भारतवर्ष में सबसे गरीब राज्य है वहां आतंकवाद नहीं है । इसलिये केवल आर्थिक विकास की समस्या को आतंकवाद के साथ जोड़ा जाय यह एक बहुत बड़ी गलती है जिससे हमें बचना चाहिये । इस आर्थिक विकास के लिये पूरी ताकत से वकालत करते हुये भी मैं यह बताना चाहता हूं कि इसका मूल कारण कहीं और है । वे विदेशी शक्तियां, वे विदेशी ताकतें जो हमारे देश को टुकड़ों में बांट देना चाहती हैं वह अपना खूनी पजा, वह अपना खूनी षडयंत्र हमारे देश पर लागू करना चाहती है इसलिये वह हमारे नौजवानों को बहकाते हैं, कहीं क्षेत्रीयता के नाम पर, कहीं जनजाति के नाम पर, कहीं धर्म के नाम पर । मैं यह बताना चाहता हूं कि इन विदेशी शक्तियों के मंसूबे को कुचल देने के लिये जैसी तैयारी हमारी होनी चाहिये वैसी तैयारी हमारी नहीं है । इसका सबसे बड़ा दर्दनाक और सबसे बड़ा दयनीय उदाहरण असम है । असम में जब उल्फा ने, युनाइटेड लिबरेशन फ्रंट आफ असम ने अपना खूनी सिर उठाया और जब हमारी फौजों ने सफलतापूर्वक उनका सफाया किया तो इन्हीं मुख्य मंत्री जी ने बढ़ती हुई

[श्री विष्णु कांत शास्त्री]

फौजों को रोक दिया और रोक कर उन्होंने एक नया विधान चलाया। उन्होंने उल्फा की जगह सल्फा को जन्म दिया। उन्होंने बताया कि उल्फा के लोग आत्म-समर्पण करना चाहते हैं। जो उल्फा के लोग आत्मसमर्पण करेंगे उन्हें मुख्य धारा में लाने के लिये हम आर्थिक सहयोग देंगे। इस आर्थिक सहयोग के नाम पर इतना बड़ा भ्रष्टाचार पूर्वांचल में चल रहा है जिसको देखकर शर्म आती है। मैं यह बताना चाहता हूं कि पूर्वांचल की बड़ी समस्याओं में एक बहुत बड़ी समस्या उसके कण-कण में, उसके रंध्र-रंध्र में छाया हुआ भ्रष्टाचार है। मैं पुनः अपने माननीय गृह मंत्री चव्हाण जी का अभिनन्दन करता हूं कि उन्होंने अपने पिछले वक्तव्य में यह स्वीकार किया कि पूर्वांचल की एक बहुत बड़ी समस्या भ्रष्टाचार की समस्या है। यह भ्रष्टाचार की समस्या आतंकवाद के साथ कैसे जुड़ती है इसकी ओर मैं आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। यह बहुत ही पीड़ा की बात है कि इन्हीं मुख्य मंत्री जी ने यह घोषित किया कि जो उल्फा के कार्यकर्ता थे वह अब समर्पण करके मुख्य धारा में मिलना चाहते हैं उनको लाखों रुपये का लाभ दिया जायेगा। वास्तविक उल्फा के लोगों को उसका अधिक लाभ नहीं मिला। मैं बिल्कुल अधिकार के साथ और प्रामाणिकता के साथ यह बताना चाहता हूं कि मुख्य मंत्री जी ने अपने लोगों को, अपने कार्यकर्ताओं को उल्फा के कार्यकर्ताओं के रूप में प्रस्तुत किया। उनसे समर्पण कराया और उनको सल्फा के नाम पर सरन्डर उल्फा के नाम पर आगे बढ़ाया। इस तरह से अपनी एक फौज खड़ी की जिसके द्वारा वे अपने विरोधियों को पिटवाते रहते हैं। जिसके द्वारा वे अपने विरोधियों के ऊपर आक्रमण करवाते हैं और यह बात इन्होंने भी सीखी। नागालैंड तथा मनीपुर में भी एक-एक उग्रवादी को दो-दो लाख रुपये का प्रलोभन देकर उनको वापस लाने की चेष्टा की गई जो कांग्रेस सरकार एक-एक करोड़ रुपये में सांसदों को खरीद सकती है, उसी पार्टी की सरकार वहां पर इसी प्रकार से लाखों की संख्या में तथाकथित उग्रवादियों को अपनी तरफ लाने का षडयंत्र कर रही है। मैं कहना चाहता हूं कि इससे देश को सावधान होना चाहिये और समझना चाहिये कि किस अनर्थ की ओर हमारी सरकारें हमको पूर्वांचल में ले जा रही हैं। मैं बहुत ही क्षोभ के साथ यह बताना चाहता हूं कि यह कोढ़ में खाज की तरह है कि हमारी यह जो स्थानीय समस्यायें हैं ये आई. एस.आई. के कारण, उग्रवाद के कारण, भ्रष्टाचार के कारण बढ़ती जा रही हैं। हमारा प्रत्युत्तर इसके लिये क्या है? हम दृढ़ता के साथ इन समस्याओं का समाधान करने के लिये जो कदम उठा सकते हैं वे कदम भी नहीं उठा रहे हैं।

आखिर में मैं कहना चाहता हूं कि बोडो समझौता या असम समझौता जो हुआ उसका पालन नहीं किया गया। क्या उसको पूरी तरह कार्यान्वित किया गया ? यह बताया गया था कि जो 1971 में 25 मार्च के बाद जो लोग बांगला देश से आये हैं उनको निकाल बाहर किया जायेगा क्या किसी को बाहर निकाला गया ? क्यों नहीं ऐसा किया गया ? जो समझौता किया जाता है उसका अगर पालन न किया जाय तो वह नयी-नयी समस्याओं को जन्म देगा। इसलिये मैं समझता हूं कि ये तमाम कारण इसके लिये जिम्मेदार हैं।

एक बात और मैं आपके सामने प्रस्तुत करना चाहता हूं। आजादी के बाद जो असम का मानचित्र था उसको दृष्टि में लाइये और वर्तमान मानचित्र जो असम का है, उसको भी दृष्टि में लाइये और सोचिये कि असम के कितने टुकड़े हुये ? ये टुकड़े जनजातियों के नाम पर किये गये, ठीक है लेकिन इसकी कोई सीमा होनी चाहिये। अभी हमारे मित्र कह रहे थे कि बोडो लैंड में जो भूमि दी गयी उसमें जितने बोडो हैं उनसे ज्यादा गैर-बोडो हैं। वहां के मुख्य मंत्री ने तमाम जनजातियों को आश्वासन दिया है कि उनको स्वायत्तता दी जायेगी। अगर इस प्रकार से स्वायत्तता देने का भ्रम फैलाया जायेगा तो उसका परिणाम

क्या होगा ? स्वायत्ता देकर उनके वोट खरीद कर आपकी सरकार तात्कालिक रूप से बच सकती है, तत्कालिक रूप से आपकी गद्दी सुरक्षित रह सकती है लेकिन दीर्घकालीन दृष्टि से देश को इससे कितनी हानि होगी, आपकी दुर्नीतियों के कारण, इस पर आपको विचार करना चाहिये । मैं यह भी बतलाना चाहता हू कि यह जो दुर्घटना हुई, यह अकारण नहीं हुई है, इसके पीछे कुछ उत्तेजक कारण थे वे क्या हैं ? उन उत्तेजक कारणों के बारे में मैं चाहता हूं कि माननीय गृह मंत्री जी स्पष्टीकरण दें इन उत्तेजक कारणों के संबंध में जो वहां के नेताओं ने जो आरोप लगाये हैं वे रोमांचक हैं यह बताया गया है कि इस उत्तेजक कांड के पीछे असम के पशुपालन मंत्री हैं, श्री शम्सुल हक, उनके भाई बाबल हक और सिद्दीकी अली हैं । पुलिस के ऊपर हुए आक्रमण का प्रतिवाद करने के लिये वे पुलिस के साथ वहां गये और उन्होंने बोडो गांवों को लूटा, उन्होंने बोडो महिलाओं को अपमानित किया, उन्होंने बोडो महिलाओं को नंगा करके घुमाया और उन्होंने बोडो स्कूलों के ऊपर आक्रमण किया। उन्होंने बोडो बच्चों की किताबें भी जलाई और बोडो बच्चों के ऊपर अत्याचार किया । क्या यह सच है यह मैं जाना चाहता हू ? यहां पर हमारे रक्षा राज्य मंत्री उपस्थित हैं । यह आरोप कि शम्सुल हक के नेतृत्व में पुलिस ने वहां पर अत्याचार किया क्या यह सच है ? शम्सुल हक के नेतृत्व म कांग्रेस के लोगों ने, जिनमें ज्यादा लोग वे थे जिनको स्थानीय लोक सीमा पार का मानते हैं, जिनको वहां के लोग घुसपैठिया मानते हैं, उन लोगों ने 13 जुलाई को बोडो गांवों के ऊपर अत्याचार किये ? क्या वहां जो क्रर कांड हुआ, जो वहां आग लगाई गई, महिलाओं को वहां पर नंगा किया गया, महिलाओं को अपमानित किया गया, उसमें उन लोगों का हाथ था ? अगर यह सच है तो फिर उसकी यह जो परिणिति हुई जो कुछ वहां हुआ है उसकी भी हम घोर निंदा करते हैं । लेकिन मैं एक बात आपके सामने कहना चाहता हूं कि जो दुर्घटना अभी घटी है, केवल उसकी निंदा करना या उसके ऊपर अपना क्षोभ प्रकट करना यह कोई बड़ी बात नहीं है । बारपेटा में जो हुआ है, वह बीमारी नहीं है, वह बीमारी का लक्षण है । बीमारी के लक्षण को बीमारी समझना गलत काम होगा । जो मूल बीमारियां हैं, जिन मूल दुर्नीतियों के कारण, गलत नीतियों के कारण, लंबी उपेक्षाओं के कारण अत्याचार हुये हैं, अन्याय हुये हैं, मूलतः वे इसके लिये जिम्मेदार हैं । जिन नेताओं ने, जिन मुख्य मंत्रियों ने, जिन गृह मंत्रियों ने और जिन प्रधानमंत्री जी ने इन नीतियों को समर्थन दिया है, वे इसके लिये जिम्मेदार हैं । आज अपने बहुमत से वे जरूर अपनी इज्जत बचा सकते हैं लेकिन जिस प्रकार माऊंट बैटन के ऊपर इतिहास ने फतवा दिया था, उन पर भी इतिहास फतवा देगा । मैं यह मांग करता हूं अपनी पार्टी की तरफ से कि इस भ्रष्ट और अयोग्य मुख्य मंत्री को बर्खास्त किया जाय । हम भारतीय जनता पार्टी के लोग किसी भी चुनी हुई सरकार को बर्खास्त करने में विश्वास नहीं करते हैं लेकिन स्थिति यहां तक चली गई है कि इसके बाद इसको झेलना देश के लिये अकल्याणकर होगा । इसलिये मेरी और मेरी पार्टी की मांग है कि मुख्य मंत्री को बर्खास्त किया जाये और इसके साथ साथ वे तमाम कदम उठाये जायें जिनसे समस्या का स्थाई समाधान हो सके । उन कदमों के लिये मैं मांग करता हूं पूरे पूर्वांचल में सचित्र परिचय पत्र दिये जायें । बिना सचित्र परिचय पत्रों के कौन इस देश का है और कौन बाहर से आया हुआ है, कौन घुसपैठिया है, उसकी पहचान नहीं हो सकती है । मैं यह मांग करता हूं कि 25 मार्च, 1971 के बाद जो घुसपैठिये आये हैं, उनको निकाला जाय और जो शरणार्थी आये हैं उनको संरक्षण दिया जाये और वहां उनको बसाने की सुविधा देने की चेष्टा की जाये । मैं यह मांग करता हूं कि आई०एस०आई० के षडयंत्र को बेनकाब किया जाये, विफल किया जाये, आतंकवाद का दमन किया जाये । मैं यह भी मांग करता हूं कि समस्त उत्तर पूर्वांचल का आर्थिक विकास करने की योजनायें बनाई जायें । लेकिन

[श्री विष्णु कांत शास्त्री]

बिना इन सब कदमों को उठाये, इस प्रकरण में जिन लोगों ने अत्याचार किया है उन्हीं को दोषी करार देना, उन्हीं के बारे में बड़े बड़े व्याख्यान देना कोई अर्थ नहीं रखता। इस बीमारी की जो असली जड़ है, मूल जड़ है जब तक उसको नहीं उखाड़ा जाता तब तक उस प्रकार के हादसे घटते रहेंगे जैसा हादसा मंदोई में घटा, नेली में घटा, कोकराझार में घटा और अब बारपेटा में घटा, इसकी पुनरावृत्ति न हो, यह सभी चाहते हैं पर जब तक आप और हम सब मिल कर इसके जो आधारभूत कारण हैं जब तक उन कारणों को दूर नहीं करते तब तक इस प्रकार की घटनाओं को रोक नहीं सकेंगे। अन्त में अभी जो दुर्घटनायें घटी हैं उनकी निंदा करते हुये जो इसके लिये जो जिम्मेदार हैं उन सब को दंडित करने की मांग करते हुये, महोदया, आपको धन्यवाद देते हुये मैं अपना व्याख्यान समाप्त करता हूं।

उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे) : धन्यवाद शास्त्री जी। मौलाना ओबैदुल्ला खान आजमी।

मौलाना ओबैदुल्ला खान आजमी : शुक्रिया मैडम वाइसचेयरमैन। मैं इस वक्त अपनी पार्टी की तरफ से बारपेटा आसाम में 9 जुलाई को मकामी बाशिन्दों पर मुसीबत के जो बादल गहराये और 23 जुलाई तक हैवानियत दरिन्दगी हिन्दुस्तान में रहने वाले मजलूम इंसानों का कत्लेआम होता रहा, सुबाई हुकूमत और मरकजी हुकूमत की नाकामयाबियों पर जबरदस्त रजोगम का इजहार करता हूं। मोतरमा वाइसचेयरमैन साहेबा, 19 जुलाई को वारदात शुरू हुई, 21 जुलाई, को कयामत टूट गई। तबाहहाल लोगों को फौज ने राहतकारी के लिये कैम्पों में रखा। अखबारों की इत्तेला के मुताबिक 50 हजार इंसान बेघर हैं और उनके तहफुज की जिम्मेदारी हुकूमत ने अपनी सिर पर ले रखी है। उनके तहफुज के सिलसिले में 25 कैंप कुछ लोगों को राहतरसानी के फरायज अंजाम देने के लिये लगाये गये हैं जिसमें यह मजलूम इंसान अपनी शबोरोज गुजार रहे हैं। तमाम इंसानों के लिये हुकूमत के पास शायद कैंप लगाने के लिये भी मवाके मयस्सर नहीं है वो कुदरत के आसमान को अपनी छत बना कर इस बरसात के जमाने में मुसीबतों के साथ अपनी जिन्दगी के दिन गुजार रहे हैं। बारपेटा में कर्फ्यू भी लगाया गया था और उग्रवादियों को देखते ही गोली मारने का हुक्म भी दिया गया था। हमारे मेंबरान-ए-पार्लियामेंट की बहस की रोशनी में इस बात की भी तसदीक हो गई है कि वहां के गैर मुतमईन लोगों ने हुकूमत से इस बात की शिकायत भी की थी कि हम लोग अभी पनाहगुजीन होने के बावजूद अपने आपको गैर महफूज तसव्वुर करते हैं। होम मिनिस्टर साहिबान भी हमारे वहां गए हैं और तफसीली तौर पर इन हजरात की रिपोर्टें भी शाया हो चुकी हैं। मुझे यह अर्ज करना है कि हिन्दस्तान की सरजमीन किस कद्र आज सोगवार है कि दो-चार महीने भी नहीं गुजर पाते कि मुल्क के किसी न किसी हिस्से में खून की होली खेली जाती है। मादरे वतन की इज्जत ओ-आबरू के मुहाफिज चाहे वे आम इंसान हों, चाहे वह फौज में रहने वाले और पुलिस में रहने वाले कर्मचारी हों या पार्लियामेंट में बैठने वाले वी०आई०पी० हों, हम तमाम लोग मादरे वतन की इज्जत को हमेशा सलाम करते हैं और वतन के एक-एक बच्चे को वतन की आबरू कहकर उसके वकार को सलामत रखने की कोशिश करने में यकीन रखते हैं। मगर क्या बात है, वह कौन सी कमजोरी है या हमारे हुक्काम की वह कौन सी मजबूरी है कि मादरे वतन के बच्चे बेरहमी के साथ मारे जाते हैं, मादरे वतन की बेटियों की इज्जत-ओ-आबरू बेरहमी के साथ लूट ली जाती है नन्हें बच्चे यतीम बना दिए जाते हैं, बूढे मां-बाप की निगाहों के सामने

उनके नौजवान बच्चों की लाशें तड़पने लगती हैं । हम एक तरफ मुत्तहदा हिन्दुस्तान का ख्वाब देखते हैं, एक तरफ कौमी सलामती पर यकीन रखते हैं, एक तरफ सैकुलरिज्म और सोशलिज्म की बात करते हैं और दूसरी तरफ मुख्तलिफ हिस्सों में आए दिन फसादात के बादल उठते हैं और नफरतों की बारिश होने लगती है । इन कारणों को समझने के लिए हमारे मुख्तलिफ मैंबरान-ए पार्लियामेंट ने मुख्तलिफ बैंचों से तरह-तरह सुझाव भी दिए हैं । मैं भी इस बात से मुकम्मल तौर पर मुत्तफिक हूं कि हम लोग जो इलाज कर रहे हैं यह इलाज नाकाफी है । उग्रवाद से निबटने के लिए और इलाकाई फसादात से निबटने के लिए हमने जितना भी ज्यादा इकदामात किए हैं, नताइज हमारे सामने आए हैं कि हमारे इकदामात बिल्कुल बेअसर रहे हैं और थोड़े ही दिनों के बाद एक नई घटना घट गई है । कुछ लोग इसे गुरबत करार देते हैं कि गरीबी की वजह से ऐसा हो रहा है, कुछ लोग कहते हैं कि आतंकवाद की वजह से ऐसा हो रहा है, कुछ लोग कहते हैं कि दीन-धर्म के नाम पर ऐसा हो रहा है, कुछ लोग यह कहते हैं कि हकूमत को बचाने के लिए लोग अपनी कमजोरियों को छुपाने के लिए ऐसा करते हैं, मैं यह कहता हूं कि जितनी बातें कही जा रही हैं हर बात फैक्टर बनी हुई है कि इसी की वजह से ऐसा हो रहा है । अगर यह कहा जाए कि उग्रवाद को यह शह मिल रही है इसलिए इस मुल्क की बहू-बेटियों की इज्जतें लूटी जा रही हैं तो इसमें भी कोई शक नहीं है । अगर यह कहा जाए कि मंदिर और मस्जिद के नाम पर इस मुल्क के इंसानों का कत्लेआम हो रहा है और घृणा फैलाई जा रही है तो इसमें भी कोई शक की बात नहीं है। अगर यह कहा जाए कि इलाकाई असबियत का परचम लहराकर हिन्दुस्तान के परचम को सरनगु करने की कोशिश की जा रही है तो इसमें भी कोई शक की बात नहीं है । अगर यह कहा जाए कि फार्वड और बैकवर्ड के नाम पर सियासत की रोटियां सेकी जा रही हैं और हिन्दुस्तानी इंसानों का कत्लेआम हो रहा है तो इसमें भी कोई शक की बात नहीं है । अगर यह कहा जाए कि सत्ता में बने रहने के लिए अपने इकतदार के असूल के लिए, अपने मानने वालों की लाशों पर इकतदार की कुर्सियां रख कर रक्से-इबलीस किया जा रहा है और उसके नतीजे में हिन्दुस्तानियत और हिन्दुस्तान तबाह हो रहा है तो इसमें भी कोई शक नहीं है ।

"एक हंगामाए महशर हो तो उसको भूलूं,
सैकड़ों बातों का रह-रह के ख्याल आता है ।"

इसलिए इसमें मैं यह बात कहना चाहता हूं कि पूरा हिन्दुस्तान देख रहा है मुल्क का एक हिस्सा जला मंदिर और मस्जिद के नाम से, मुल्क के एक हिस्से में बेटियां बर्बाद हुई, मंदिर और मस्जिद के नाम से मुल्क के एक हिस्से में इंसानियत तबाह हुई, धर्म की राजनीति की वजह से तो मुल्क का दूसरा हिस्सा जल पड़ा । सिर्फ सियासी कशमकश की वजह से मुल्क का तीसरा हिस्सा जल पड़ा फार्वड और बैकवर्ड जी लड़ाई के नाम से मुल्क का चौथा हिस्सा जल पड़ा । इलाकाई असबियत के नाम से पांचवां हिस्सा जल पड़ा इलाकाई लैंग्वेज और जुबान के नाम पर, पता यह चला कि ये नफरत ये जितने बुत हैं जब तक ये नहीं तोड़े जायेंगे हिन्दुस्तान की आबरू सलामत नहीं रह सकती

[मौलाना ओबेदुल्ला खान आजमी]

हमारे बच्चों की यतीमी में रोज़-ब-रोज इजाफा होता जाएगा और मादरे वतन की बेटियों को रावण लूटते चल जायेंगे। इसलिए मैं गहरे रंजो-अलम के साथ असम की धरती पर होने वाले इस वाक्या की मजम्मत करते हुए...। हुकूमत के सामने चंद बातें रखकर के अपनी गुफ्तगू खतम करना चाहता हूं। श्री राजेश पायलट जी, जो इस समय इत्तफाक से यहां मौजूद हैं और हमारे मुल्क के जिम्मेदार मोहतरम वजीरे दाखला हैं, मैं उनकी तवज्जोह चाहूंगा। उन्होंने बार बार यह एतराफ किया है और सुबह इस हाऊस में भी उन्होंने फरमाया है कि रियासती इंतजाम में पूरे तालमेल न होने की वजह से यह अफसोसनाक अलमिया आलमे वजूद में आया है। इस इलाके में उस रोज खातिरख्वाह एक तादाद में हिफाजती दस्ते भी नहीं थे। मैं यह कहना चाहूंगा मैडम वाइस चेयरमेन साहिबा, यहां तक हिफाजती दस्तों का मामला है, सौ आदमी आये और जदीद हथियारों से लैस होकर आए, मजलूम निहत्थे लोगों पर गोलियां बरसा कर चले गए। हुकमत तो कहती है कि 73 लोग मारे गए हैं, मगर हुकूमत हमेशा मरने वालों की लाशों को छिपा कर मरने वालों का डाटा कम पेश करने की पुरानी मजरिम है। पुराने तौर पर इस रस्म को जिंदा रखती है। मैं कहता कि सौ से ज्यादा लोग मारे गए, सौ से ज्यादा लोग घायल हुए, जबकि हमारी तीस तीस गाड़ियां मौजूद थीं और उन तीस गाड़ियों में हमारे सिपाही और कानून के मुहाफिज मौजूद थे? क्या बात है कितने ताकतवर थे वह? कितने जदीद असलाजात से लैस थे वह उग्रवादी कि आकर सौ आदमियों को गोलियों से भूनते हुए निकल गए? उसके बाद हमारी बहादुर फोर्स ने पीछा किया तो सिर्फ दो इंतिहापसंद मारे गए। इस तरह से यह मुल्क की हिफाजत की जाएगी तो मैं तो इतना ही कहूंगा कि—

अगर यही नाखुदा रहगर, अगर यही रहबरी रही,

तो हर किनारे पर आकर किश्ती इसी तरह डूबती रहेगी।

इसलिए मैं मुतालबा करता हूं कि ऐसी सरकार को बने रहने का कोई हक नहीं है, जो मजलूम इंसानों के तहफ्फुज का काम न कर सके। हम दुनियां को क्या मुंह दिखलाएंगे? दुनिया के किसी मुल्क में ऐसा नहीं होता कि पनाहगुजीन इकट्ठे हों। अगर पनाहगुजीन दो, चार, दस, पन्द्रह, बीस, पच्चीस, पचास हजार हों, उनके खाने पीने के इंतजाम में कमी हुई तो यह बात तो समझ में आती है, मगर जान की निगरानी में कमी हुई, यह बात समझ से बाहर है। इसलिए जो लोग मरे हैं, हम उनकी भरपूर खिराजे अक़ीदत पेश करते हुए अपनी हुकूमत से डिमांड करते हैं कि मर्कजी हुकूमत वहां की, असम की हुकूमत को बरखास्त करे और वहां के जो लोग मरे हैं उनके वारिसों को कम से कम दो-दो लाख रुपए फी कस मुआवजे के तौर पर दिए

जाएं और उनके घराने के एक-एक बच्चे को सर्विस में लिया जाए ताकि उनके कुछ दुखदर्द को मुनदमिल किया जा सके। शुक्रिया।

مولانا عبیداللہ خاں اعظمی "اتر پردیش":†
شکریہ۔ میڈم وائس چیرمین۔
میں اس وقت اپنی پارٹی کی طرف سے بارپیٹا آسام میں نو جولائی کو مقامی باشندوں پر مصیبت کے جو بادل گھر آئے اور ۲۳ جولائی تک حیوانیت، درندگی، ہندوستان میں رہنے والے مظلوم انسانوں کا قتل عام ہوتا رہا۔ صوبائی حکومت اور مرکزی حکومت کی ناکامیوں پر زبردست رنج و غم کا اظہار کرتا ہوں۔
محترمہ۔ وائس چیرمین صاحبہ۔ ۱۹ جولائی کو واردات شروع ہوئی۔ ۲۱ جولائی کو قیامت ٹوٹ گئی۔ تباہ حال لوگوں کو فوج نے راحت کاری کے لئے کیمپوں میں رکھا۔ اخباروں کی اطلاع کے مطابق ۵۰ ہزار انسان بے گھر ہیں۔ اور اُن کے تحفظ کی ذمہ داری حکومت نے اپنے سر پہ لے رکھی ہے۔ اُن کے تحفظ کے سلسلے میں ۲۵ کیمپ کچھ لوگوں کو راحت رسانی کے فرائض انجام دینے کے لئے لگائے ہیں۔ جہاں پہ وہ مظلوم انسان اپنی شب و روز گذار رہے ہیں۔ تمام انسانوں کے لئے حکومت کے پاس شاید کیمپ لگانے کے لئے بھی مواقع میسر نہیں ہیں۔ وہ قدرت کے آسمان کو اپنی چھت بنا کر اس برسات کے زمانے میں مصیبتوں کے ساتھ اپنی زندگی کے دن گذار رہے ہیں۔
بارپیٹا میں کرفیو بھی لگایا گیا تھا اور اگروادیوں کو دیکھتے ہی گولی مارنے کا حکم بھی لگایا گیا تھا۔ ہمارے ممبران پارلیمنٹ کی بحث کی روشنی میں اس بات کی بھی تصدیق ہوگئی ہے کہ وہاں کے غیر مطمئین لوگوں نے حکومت سے اس بات کی شکایت بھی کی تھی کہ ہم لوگ ابھی پناہ گزیں ہونے کے باوجود اپنے آپ کو غیر محفوظ تصور کرتے ہیں۔ ہوم منسٹر صاحبان بھی ہمارے وہاں ہیں اور تفصیل طور پر ان حضرات کی رپورٹیں بھی شائع ہو چکی ہیں۔ مجھے یہ عرض کرنا ہے کہ ہندوستان کی سرزمین کس قدر سوگوار ہے کہ دو چار مہینے بھی نہیں گزر پاتے کہ ملک کے کسی نہ کسی حصے میں خون کی ہولی کھیلی جاتی ہے۔ اور وطن کی عزت و آبرو کے محافظ چاہے وہ عام انسان ہوں چاہے وہ فوج میں رہنے والے اور پولیس میں رہنے والے کرمچاری ہوں چاہے پارلیمنٹ میں بیٹھنے والے ودھایک ہوں ہم تمام تر

†[] Transliteration in Arabic Script.

زیادہ اقدامات کئے ہیں۔ نتائج ہمارے سامنے آئے ہیں کہ ہمارے اقدامات بالکل بے اثر رہے ہیں اور تھوڑے ہی دنوں کے بعد ایک نئی گھٹنا گھٹ گئی ہے۔ کچھ لوگ اسے غربت قرار دیتے ہیں کہ غریبی کی وجہ سے ایسا ہو رہا ہے۔ کچھ لوگ کہتے ہیں کہ آتنکواد کی وجہ سے ہو رہا ہے۔ کچھ لوگ کہتے ہیں کہ دین دھرم کے نام پر ہو رہا ہے۔ کچھ لوگ یہ کہتے ہیں کہ حکومت بچانے کے لئے لوگ اپنی کمزوریوں کو چھپانے کے لئے ایسا کرتے ہیں۔ میں یہ کہتا ہوں کہ جتنی باتیں بھی کہی جا رہی ہیں۔ ہر بات فیکٹر بنی ہوئی ہے کہ اس کی وجہ سے ایسا ہو رہا ہے۔ اگر یہ کہا جائے کہ اُگرواد کی وجہ سے یہ ہنسا ہو رہی ہے۔ اس لئے ملک کی بہو بیٹیوں کی عزتیں لوٹی جا رہی ہیں تو اس میں بھی کوئی شک نہیں ہے۔ اگر یہ کہا جائے کہ مندر اور مسجد کے نام پر اس ملک کے انسانوں کا قتلِ عام ہو رہا ہے اور کھرنا بھیلائی جا رہی ہے تو اس میں بھی کوئی شک کی نہیں ہے۔ اگر یہ کہا جائے کہ علاقائی عصبیت کا پرچم ہر کہ ہندوستان کے پرچم کو سرنگوں کرنے کی کوشش کی جا رہی ہے تو اس میں بھی کوئی شک کی بات نہیں ہے۔ اگر یہ کہا جائے

لوگ مادرِ وطن کی عزت کو ہمیشہ سلام کرتے ہیں اور وطن کے ایک ایک بچے کو وطن کی آبرو کہہ کر اس کے وقار کو سلامت رکھنے کی کوشش کرنے میں یقین رکھتے ہیں۔ مگر کیا بات ہے وہ کونسی کمزوری ہے یا ہمارے حکام کی وہ کون سی مجبوری ہے کہ مادرِ وطن کے بچے بے رحمی سے مارے جاتے ہیں۔ مادرِ وطن کی بیٹیوں کی عزت و آبرو بے رحمی کے ساتھ لوٹ لی جاتی ہے۔ ننھے منے بچے یتیم بنا دیئے جاتے ہیں۔ بوڑھے ماں۔ باپ کی نگاہوں کے سامنے اُن کے نوجوان بچوں کی لاشیں تڑپنے لگتی ہیں۔ ہم ایک طرف متحدہ ہندوستان کا خواب دیکھتے ہیں۔ ایک طرف قومی سالمیت پر یقین رکھتے ہیں۔ ایک طرف سیکولرازم اور سوشلزم کی بات کرتے ہیں۔ اور دوسری طرف ملک کے مختلف حصوں سے آئے دن فسادات کے بادل اٹھتے ہیں۔ اور نفرتوں کی بارش ہونے لگتی ہے ان کارنوں کو سمجھنے کے لئے ہمارے مختلف ممبرانِ پارلیمنٹ نے مختلف پہلوؤں سے طرح طرح کے سجھاؤ بھی دیئے ہیں۔ میں بھی اس بات سے مکمل طور پر متفق ہوں کہ ہم لوگ جو علاج کر رہے ہیں یہ علاج ناکافی ہے۔ اگرواد سے نپٹنے کے لئے اور علاقائی فسادات سے نپٹنے کے لئے ہم نے جتنا بھی

† [ ] Transliteration in Arabic Script.

کہ فارورڈ اور بیکورڈ کے نام پر سیاست کی روٹیاں سینکی جا رہی ہیں اور ہندوستانی انسانوں کا قتل عام ہو رہا ہے تو اس میں بھی کوئی شک کی بات نہیں ہے۔ اگر یہ کہا جائے کہ ستا میں بنے رہنے کے لیے اپنے اقتدار کے حصول کے لیے اپنے ماننے والوں کی لاشوں پر اقتدار کی کرسیاں رکھ کر رقص ابلیس کیا جا رہا ہے اور اس کے نتیجے میں ہندوستانیت اور ہندوستان تباہ ہو رہا ہے تو اس میں بھی کوئی شک نہیں ہے۔

ایک ہنگامہ منتشر ہو تو اس کو جھیلوں
سینکڑوں باتوں کا رہ رہ کے خیال آتا ہے

اس لیے اس میں میں یہ بات کہنا چاہتا ہوں کہ پورا ہندوستان دیکھ رہا ہے ملک کا ایک حصہ جلا مندر اور مسجد کے نام سے۔ ملک کے ایک حصہ میں بستیاں برباد ہوئی۔ اور مسجد کے نام سے ملک کے ایک حصہ میں انسانیت تباہ ہوئی دھرم کی راجنیتی کی وجہ سے تو ملک کا دوسرا حصہ جل پڑا صرف سیاسی کشمکش کی وجہ سے ملک کا تیسرا حصہ جل پڑا۔ فارورڈ اور بیکورڈ کی لڑائی کے نام پر ملک کا چوتھا حصہ جل پڑا۔ علاقائی عصبیت کے نام سے پانچواں حصہ جل پڑا اختلافی لینگویج اور زبان کے نام پر۔ پتہ نہیں کہ یہ نفرت کے جتنے بت ہیں جب تک یہ نہیں توڑے جائیں گے۔ ہندوستان کی آبرو سلامت نہیں رہ سکتی۔ ہمارے بچوں کی یتیمی میں روز بروز اضافہ ہوتا چلا جائے گا۔ اور مادر وطن کی بیٹیوں کو راون لوٹتے چلے جائیں گے۔ اس لیے میں گہرے رنج و الم کے ساتھ آسام کی دھرتی پر ہونے والے اس واقعہ کی مذمت کرتے ہوئے ..... حکومت کے سامنے چند باتیں رکھ کر کے اپنی گفتگو ختم کرنا چاہتا ہوں۔

شری راجیش پائلٹ جی جو اس وقت اتفاق سے یہاں موجود ہیں اور ہمارے ملک کے ذمہ دار وزیر داخلہ ہیں۔ میں ان کی توجہ چاہوں گا۔

انھوں نے بار بار اعتراف کیا ہے اور آج اس ہاؤس میں بھی انھوں نے فرمایا ہے کہ ریاستی انتظام میں پوری طرح تال میل نہ ہونے کی وجہ سے یہ افسوسناک المیہ وجود میں آیا ہے۔ اس علاقہ میں اس روز خاطر خواہ ایک تعداد میں حفاظتی دستے بھی نہیں تھے۔ میں یہ کہنا چاہوں گا کہ — میڈم وائس چیرمین صاحبہ — جہاں تک حفاظتی دستوں کا معاملہ ہے ... آدمی آئے اور جدید ہتھیاروں سے ساتھ لیس ہو کر آئے۔ مظلوم نہتے لوگوں پر گولیاں برسا کر چلے گئے۔ حکومت کہتی ہے کہ ۳۷ لوگ مارے گئے ہیں مگر حکومت

ہمیشہ مرنے والوں کی لاشوں کو چھپاکر ۔ مرنے والوں کا ڈاٹا کم پیش کرنے کی پرانی مجرم ہے۔ پرانے طور پر اس رسم کو زندہ رکھتی ہے میں کہتا ہوں کہ ۱۰۰ سے زائد لوگ مارے گئے۔ ۱۰۰ سے زیادہ لوگ گھائل جبکہ ہماری ۳۰۔ ۳۰ گاڑیاں موجود تھیں اور ان ۳۰۔ ۳۰ گاڑیوں میں ہمارے سپاہی اور قانون کے محافظ موجود تھے۔ کیا بات ہے۔ کتنے طاقتور تھے وہ۔ کتنے جدید اسلحہ جات سے لیس تھے وہ اگروادی اگروادی آکر ۱۰۰ آدمیوں کو گولیوں سے بھونتے ہوئے نکل گئے۔ اس کے بعد ہماری بہادر فوج میں نے پیچھا کیا تو صرف دو انتہاپسند مارے گئے اس طرح سے یہ ملک کی حفاظت کی جائیگی تو میں اتنا ہی کہوں گا کہ ۔

اگر یہی ناخدا رہے گا اگر یہی رہبری رہے گی
تو ہر کنارے پہ آکے کشتی اسی طرح ڈوبتی رہیگی

اس لیے میں مطالبہ کرتا ہوں کہ ایسی سرکار کو بنے رہنے کا کوئی حق نہیں ہے جو مظلوم انسانوں کے تحفظ کا کام نہ کر سکے۔ ہم دنیا کو کیا منہ دکھلائیں گے۔ دنیا کے کسی ملک میں ایسا نہیں ہوتا کہ پناہ گزین اکٹھے ہوں۔ اگر پناہ گزین دو چار دس پندرہ بیس پچیس پچاس ہزار ہوں۔ انکے کھانے پینے کے انتظام میں کمی ہوئی تو یہ بات تو

شری جلال الدین انصاری "بہار": اپ سبھا ادھیکش مہودیہ۔ دکھ کے ساتھ کہنا پڑتا ہے کہ آج ہمارا دیش نرسنہاروں کی لگاتار گھٹناؤں سے گرست ہوگیا ہے۔ ودیشوں میں لوگ بھارت کو اس بات سے جانتے ہیں کہ ہمارا دیش نرسنہاروں اور گھوٹالوں کا دیش ہے سوال صرف بار پیٹا کا نہیں ہے۔ آئے دن ہمارے دیش کے وبھن حصوں میں کہیں نہ کہیں اس طرح کے نرسنہار ہوا کرتے ہیں۔ میں کہنا چاہونگا اپنی طرف سے اور اپنی پارٹی بھارتیہ کمیونسٹ پارٹی کی طرف سے کہ آج ہمارا دیش جاتیہ دنگوں میں۔ نرسنہار اور

उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे) ; शुक्रिया, आजमी साहब । अब डा० बी०बी० दत्ता ।

DR. B. B. DUTTA (Nominated): Madam; first of all; I would like to express my deep anguish over this carnage that took place in Assam. I fully share the sentiments expressed by Mr. Obaidullah Khan Azmi about the plight of those helpless people who have suffered. This is really something beyond description. We would only like to be assured in this House that Home Ministry at the Centre and the State Government of Assam would fully exercise themselves to the task of ensuring that such a thing does not recur. We would not like to see the repetition of what has happened. Madam; I would like to make a few observations regarding this incident; but not repeating what the other hon. Members have said; so that the problems that afflict the North-East today is better understood by this august House. We, the Members who live in the North-East, have a feeling

that we are not properly understood, that a correct perception of the problems is lacking on the part of the part of the national leaders. It is not a question of the Congress (I) or the Communist or the Janata Dal or the BJP. I think that all the political parties have to take the blame that they have not properly studied and properly understood the North-East. Now it is in this context that I would like to interpret wha has happened in Barpeta. See this not as an an isolated incident. In fact, if we study the happenings in the last fifteen years or so, we will find that this incident is not distinct from other incidents. For example, I would like to remind you of what happened in 1980 in Mandal in Tripura. There was a massacre on far larger scale. There was a clash between the tribals and the non-tribals and the non-tribals were at the receiving end. Then of course, there was counter-violence to an extent. Then you remember what happened in Nellie in 1983 in Assam and also in other parts of Assam. This was also a massacre in an area where, since a majority of them are Muslims, they become the largest victics. Then again you remember that after the Babri Masjid demolition in 1992 there was a massacre in the Naogaon area where about 100 Hindus were killed and many villages were set on fire. These are examples of an organised crime everywhere—in Tripura, in Assam everywhere in the North-East. Then you remember the Naga-Kuki clashes in Manipur. Hundreds of Nagas and Kukus died in mutual clashes. It was a very heart-rending scene of what happened in Manipur. Then, we must also remind ourselves that about 100 Muslims were killed in Imphal about two years ago.

You cannot interpret all these happenings only by blaming one Chief Minister here or another Crief Minister there or calling for the resignation of the Chief M inister or even demanding impositon of Pres dent's This region has been in turmoil since Indepdence. It started in Nagaland right in the 'fifties and then gradually the etire refion had been drawn into a vortex of conflicts. Then, gradually the autonomy movement started; the independence movement spread. Of course, the Government of India then shifted from its earlier position of having a united compasite state in that sensive area and tried to accomdate the aspirations of so many ethnic, linguistic and other groups of people there. I must also tell this House that we should not forget that when the States Reorganisation Commission reached Assam in the early fifties there it ended. The principle of formation of States on the basis of language had to be abandoned. It ended there. After that the formation of the States started not on the basis of economic viability, not on the basis of language, not on the basis of ethnicity, but o the basis of meeting the aspirations of small collection of ethnic groups so to say. That is how by expediency, as all of us know today, we had gone in forf the formation of the smaller States. The Indian Constitution has been stretched to its farthest limits to accommodate the wishes of the multifarious ethnic and linguistic groups living in the North-Eastern Region.

Now, after all this has been done, where have we come to? After nearly half a century of freedom and after about 25 years of passing the North-East Reorganisation Act of 1971, we have to ask where we have landed ourselves. What has happened? The situation in the Narth-East today is worse than before.

Now, other things have also happened. Something has gone wrong in Burma. Something has gone wrong in Bangladesh. New forces have emerged. New currents an dcross-currents have penetrated into the North-East and in the midst of there conflicting movements, say, for autonomy by smaller ethnic groups, those forces are

operating in the North-East. They are taking full advantage of the quarrels amongs us and we find that we are in a very pitiable situation. So, whenever anything happens in the North-East, for one, being an insider, can tell you that I am always apprehensive that this is not the doing of only the local people. When the Bodos are doing a massacre, you cannot believe that only the Bodos are doing it. Where are the armed Bodos staying today? They are right inside Bhutan with their arms and ammunitions. How come that Bhutan dares to accommodate the Bodo camps inside the Bhutanese territory? What is the strength of Bhutan? Where from they get this strength? They come from inside Bhutan and strike on these helpless people and then they again go back to Bhutan. You see, the Assam Chief Minister was telling that he has been making a demand on the Centre that the right to operate inside Bhutan should be given to the para-military and military forces who should also be given power to chase them to cross the borders and to demolish those camps

Now, the ULFA, people have gone to Bangladesh. They have set up so many camps. They are being trained by the ISI. You see, this is the problem. ULFA has also again entered Bhutan. Now, all this combination is very difficult to be controlled only by the Chief Minister, only by the State Government. It requires a proper understanding between the State Government and the Centre and I should say, it requires a national consensus. All political parties and their leaders have to address themselves and see how to contain the situation in the North-East, which because of partition, has created so much of rigidity in mobility in that region that it has become a herculean task to industrialise that area. All the rail, roads river and links, everything had been shapped. The result has been, that the North-Eastern region, as a resut of partition, is impoverished, Bangladesh has been impoverished. Shri B. Kalita was talking about economic backwardness. If economic cooperation between Bangladesh and North Eastern Region does not come, neither is Bangladesh going to have its economic freedom nor is the North-Eastern region going to develop as much as it should. The North Eastern Region is being maintaintained by the might of India by facility. But the economic destiny of Bangladesh is definitely involved with the destiny of the North Eastern and Eastern States of India. On this front, we are not adjusting ourselves. Now do you face the chalenges in this area? How we can go ahead? We are looking the other way. We are keeping our eyes away from the real situation.

Madam, I tell you about another phenomenon that has appeared in the North East. And I warned the officials in the Home Ministry and the Hon'ble Minister himself present in the House should pay attention to this. You see, the 'majofity' in India is not very famous for behaving well. As a result, the 'minorities' were estranged. The majority is not just, that is why 'minority' refused to adjust. This conflict between the 'majority' and the 'minority' has led to so many evils. It has happened in the North-East. Now, the group which is in minority today is trying to become the majority. In order to become the majority, it requires the ethnic slogan and it requires a territory over which it will be in a majority. Now, take the instance of the Bodo people. The moment you them autonomy. One group is wise enough, progressive enough to accept the formula that they will be under the framework

